दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, सोमवार 4 जनवरी 2021, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-301 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

टो टी चोर का कहना है कि वे कोरोना की वैक्सीन पर भरोसा नहीं करते। भाजपा का टीका वे नहीं लगवाएंगे। इससे दो कदम आगे बढ़ते हुए समाजवादी पार्टी के एक और नेता आशुतोष सिन्हा ने और भी ज्यादा विवादास्पद बयान दिया है कि वे भी भाजपा के टीके पर विश्वास नहीं करते क्योंकि हो सकता है कोरोना वैक्सिन नपुंसक बना दे इसलिए किसी को भी यह टीका नहीं लगाना चाहिए। सही बात है। दिमाग से पैदल इन पंचर साइकिल वालों को टीके नहीं लगाना चाहिए क्योंकि इससे न तो अकललेस लोगों को अक्ल आएगी और ना ही उनका पागलपन दूर होगा।

खास- खबर

लश्करे-तैयबा का आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर/ (वार्ता)। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा समूह से जुड़े एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से आपराधिक सामग्री बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने यारिपोरा इलाके में आतंकवादी को गिरफ्तार किया। उसके पास से विस्फोटक और अन्य आपराधिक सामग्री भी बरामद की गयी है। उसकी पहचान जहूर अहमद भट के रूप में की गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कोवैक्सीन व कोविशील्ड को हरी झंडी, बताया 110% सेफ

दोनों के इमरजेंसी इस्तेमाल को डीसीजीआई ने दी मंजूरी

■ डीसीजीआई डॉ. सोमानी बोले-साइड इफेक्ट अन्य टीके की तरह सामान्य स्तर के

नई दिल्ली/(वार्ता)। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने भारत बायोटेक की स्वदेश निर्मित कोरोना वैक्सीन 'कोवैक्सीन' और पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित कोविशील्ड के भारत में आपात इस्तेमाल पर रविवार को अपनी मुहर लगा दी। डीसीजीआई डॉ वेणुगोपाल जी सोमानी ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में संवाददताओं को यह जानकारी दी कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रक संगठन (सीडीएससीओ) ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि दोनों वैक्सीन 110 प्रतिशत सुरक्षित हैं। डॉ सोमानी ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी वैक्सीन के विषय में सुरक्षा संबंधित कोई भी चिंता होगी, तो उसे कभी भी अनुमोदित नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन के साइड इफेक्ट बिल्कुल अन्य वैक्सीन के समान हैं। इससे हल्का बुखार होना, हल्का दर्द होना और एलर्जी होना सामान्य बात है।

डीसीजीए डॉ. सोमानी ने कहा नपुंसक होने की बात बिल्कुल बकवास

डीसीजीआई ने कहा कि कोरोना वैक्सीन से नपुंसक होने की बात बिल्कुल ही बकवास है। कोविशील्ड वास्तव में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित है और एसआईआई ने एक समझौते के तहत भारत में इसका दूसरे और तीसरे चरण का मानव परीक्षण किया है और साथ ही इसे यहां तैयार भी किया है।

समिति कर चुकी थी सिफारिश

देश में कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल को लेकर बनायी गयी सीडीएससीओ की सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमिटी ने शुक्रवार और शनिवार को बैठक की थी। इस समिति ने बैठक में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल को लेकर अपनी सिफारिशें डीसीजीआई के समक्ष पेश की। समिति ने साथ ही दवा कंपनी कैडिला हेल्थकेयर के तीसरे चरण के मानव परीक्षण को लेकर भी सिफारिश की। भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर) के साथ मिलकर कोवैक्सीन को विकसित किया है। भारत बायोटेक ने शनिवार को यह जानकारी दी कि कोवैक्सीन के तीसरे चरण के मानव परीक्षण में शामिल वालंटियर की संख्या जल्द ही उसके लक्ष्य के मुताबिक 26,000 हो जायेगी।

कोविड मुक्त भारत की मुहिम को मिलेगी मजबूती

देश में कोरोना वायरस कोविड-19 की दो वैक्सीन को मिली मंजूरी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे स्वस्थ और कोविड मुक्त भारत की मुहिम को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कई सिलसिलेवार ट्वीट किये। उन्होंने कहा कि भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा भारत बायोटेक की कोवैक्सीन और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया की कोविशील्ड के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिया जाना वैश्विक महामारी के खिलाफभारत की जंग में एक निर्णायक क्षण है। इस मुहिम में जी-जीन से जुटे वैज्ञानिकों और नवोन्मेषकों को शुभकामनाएं और देशवासियों को बधाई। मोदी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि जिन दो वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी गयी, वे दोनों मेड इन इंडिया हैं। यह आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए हमारे वैज्ञानिक समुदाय की इच्छाशक्ति को दर्शाता है। वह आत्मनिर्भर भारत, जिसका आधार है- सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। उन्होंने कहा, विपरीत परिस्थितियों में

इधर, छत्तीसगढ़ में दोहरी खुशी सक्रिय केस में सर्वाधिक कमी



नई दिल्ली/ए.। कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई को लेकर रविवार का दिन दोहरी खुशियां लेकर आया। एक ओर देश में रविवार को कोरोना की दो वैक्सीन को डीसीजीआई की मंजूरी मिल गई। जिससे छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में खुशी की लहर है। वहीं छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों (रविवार सुबह 8 बजे तक) के दौरान कोरोना के सक्रिय मामलों में सर्वाधिक कमी आई है। पिछले 24 घंटे में देश के 31 राज्यों में तथा केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों में कमी आई है और इस दौरान सबसे ज्यादा कमी छत्तीसगढ़ तथा पश्चिम बंगाल में हुई है। छत्तीसगढ़ में जहां 827 मामले घटे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में 608 की कमी आयी है।

देश में अब तक 1 करोड़ 3 लाख से ज्यादा मरीज

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या एक करोड़ तीन लाख 23 हजार से अधिक हो गयी है जबकि 99.27 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक रहने से सक्रिय मामले घटकर 2.47 लाख रह गये हैं जबकि मृतकों की संख्या बढ़कर 1,49,435 हो गयी है।

अजमेर में एक दर्जन कौएं मृत पाए गए

अजमेर/ (वार्ता)। राजस्थान में कई स्थानों पर बर्ड फ्लू संक्रमण से कौओं की मौत के बाद आज अजमेर में भी करीब एक दर्जन कौएं मृत पाए गए जिसने संबंधित सरकारी विभागों की नींद उड़ा दी। अजमेर की प्रसिद्ध आनासागर झील पर आज नौ मृत कौएं पाए गए तथा गंज थाना क्षेत्र के पट्टीकटला क्षेत्र में भी तीन मृत कौएं मिलने से क्षेत्रवासियों मे संक्रमण की दहशत फैल गई। हालांकि अभी कौओं के मरने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है लेकिन पक्षी मे बर्ड फ्लू संक्रमण की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2019 में भी आनासागर बारादरी पर कई दिनों तक कौओं की मौत का सिलसिला चला था। उस दौरान भी सौ से ज्यादा कौएं अलग अलग दिन मृत पाए गए थे।

सत्याग्रही किसान अब मांग पूरी होने पर ही लौटेंगे : राहुल

नई दिल्ली/(वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां चल रहे किसान आंदोलन की तुलना गांधी जी के नेतृत्व में हुए चंपारण किसान आंदोलन से करते हुए कहा कि आंदोलनरत किसान भी सत्याग्रही है और वे तब ही लौटेंगे जब उनकी मांग पूरी हो जाएगी। गांधी ने आंदोलन कर रहे किसानों को भी चंपारण के किसानों की तरह सत्याग्रही आंदोलनकारी बताया और कहा कि आज के किसान भी पक्के सत्याग्रही है और मांग पूरी होने तक सत्याग्रह नहीं छोड़ेंगे।

श्री गांधी ने कहा , 'देश एक बार फिर चंपारण जैसी त्रासदी झेलने जा रहा है। तब अंग्रेज कम्पनी बहादुर था, अब मोदी-मित्र कम्पनी बहादुर हैं , लेकिन आंदोलन का हर एक किसान-मज़दूर सत्याग्रही है जो अपना अधिकार लेकर ही रहेगा।' गौरतलब है कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में बिहार के चंपारण में अप्रैल 1917 में ऐतिहासिक किसान आंदोलन हुआ था। गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में आजमाए सत्याग्रह और अहिंसा के अपने रास्ते का स्वदेश में पहला प्रयोग चंपारण में किया और अंग्रेज सरकार को अपना फ़रमान वापस लेना पड़ा था।

स्टालिन का दावा, सत्ता में आए तो शिक्षा ऋण को करेंगे माफ

इरोड (तमिलनाडु)/ए.। द्रमुक ने दावा किया कि अगर पार्टी अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आती है तो उच्च शिक्षा के लिए छात्रों द्वारा लिए गए शिक्षा ऋण को माफ कर देगी। द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता एम के स्टालिन ने रविवार को इरोड पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वी मेत्तुपलायम गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। यहां एक जन ग्रामसभा का आयोजन किया गया था।

रूस में आठ लाख से को लगाई जा चुकी है कोरोना वैक्सीन

मॉस्को/ (स्पूतनिक)। कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण की दूसरी लहर का सामना कर रहे रूस में अब तक आठ लाख से अधिक लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा चुकी है जबकि वैक्सीन की करीब 15 लाख खुराक देशभर में वितरित की गयी हैं। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने शनिवार को यह जानकारी दी।

बिलासपुर में धान खरीदी को लेकर केंद्र पर गरजे सीएम भूपेश

वो सम्मान निधि दे सकते हैं और मैं न्याय योजना नहीं दे सकता, ये कैसा 'न्याय'

■ कहा- केंद्र हमारा चावल खरीदे या न खरीदे हम निभाएंगे अपना वादा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धानी खरीदी को लेकर केंद्र सरकार एक बार फिर आड़े हाथों लिया। रविवार को यहां 514 करोड़ के विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार कहती है कि धान पर बोनस दोगे तो हम तुम्हारा धान नहीं खरीदेंगे। लेकिन हमने पिछले साल भी एमएसपी पर खरीदा और इस सारल भी एमएसपी पर खरीद रहे हैं। वो फिर भी कह रहे हैं कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना बोनस का ही रूप है।

तो मैंने कहा- आप किसान सम्मान निधि दे सकते हो और मैं राजीव गांधी किसान न्याय योजना नहीं दे सकता है। ये कौन सी न्याय की बात हुई? उन्होंने यह भी कहा कि चाहे भारत सरकार हमारे चावल को खरीदे या न खरीदे, हमने जनता से जो वादा किया है उसे पूरा करेंगे। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

514 करोड़ विकास कार्यों के साथ ये सौगातें भी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को बिलासपुर में 514 करोड़ के 367 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया। घोषणा की कि बिलासपुर एयर पोर्ट बिलासा केवटिन के नाम पर, तारबाहर अंग्रेजी स्कूल कांग्रेस नेता दिवंगत शेख गफ्फार के नाम पर और सेंटल लायब्रेरी बिलासपुर नगर पालिका के अध्यक्ष रहे स्व. डा शिवदूलारे मिश्रा के नाम पर होगा ।

धान पर अब प्रदेश कांग्रेस भी छेड़ेगी संग्राम

■ केंद्र, भाजपा को जवाब देने की रणनीति पर राजीव भवन में हुई चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस ने धान खरीदी पर केंद्र के असहयोग का विरोध करने के लिए कमर कस ली है। रविवार को राजीव भवन में हुई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में यह भी तय किया गया कि धान खरीदी को लेकर प्रदेश में भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर भी जवाब दिया जाएगा। धान खरीदी को लेकर दुष्प्रचार करने वाले भाजपा नेताओं के बंगलों व दफ्तरों का घेराव भी किया जाएगा। बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसके केंद्र में धान खरीदी में केंद्र के रुख के कारण आ रही समस्याएं ही रहीं। बैठक में तय किया गया कि कांग्रेस के ■ शेष पृष्ठ 5 पर

पहले 9000 करोड़ का हिसाब दे सरकार : पुरंदेश्वरी

प्रदेश कांग्रेस के आरोपों पर प्रदेश भाजपा प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार को पहले धानी खरीदी के लिए दिए 9 हजार करोड़ रुपए की राशि का हिसाब देना चाहिए। केंद्र से राशि मिलने के बावजूद भी राज्य सरकार धान खरीदी की पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं कर पाई। भाजपा कार्यकर्ता राज्य सरकार की इस विफलता को किसानों को बताएंगे। पुरंदेश्वरी ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद मीडिया के सवालों के जवाब में यह बात कही।

वर्धा में होने वाले प्रशिक्षण पर भी चर्चा

राजीव भवन में रविवार को पार्टी के जिलाध्यक्षों की भी बैठक हुई। इस बैठक में महाराष्ट्र के वर्धा में होने वाले पार्टी के प्रशिक्षण शिविर को लेकर भी चर्चा हुई है। बताया जा रहा है इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रदेश से 12-13 सदस्यों की टीम वर्धा जाएगी। (विस्तृत राजधानी पेज पर)

केरल में बस पर गिरी बस सात की मौत, कई घायल

कासरगोड/ (वार्ता) केरल के कान्हांगड के पास पनाथुर-सुलिया मार्ग पर रविवार को शादी समारोह में जा रही बस पलट कर घाट खंड के एक घर के ऊपर गिरने से सात लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। हादसे के समय बस में करीब 70 लोग सवार थे।

वैक्सीन पर सियासी टीका टिप्पणी

■ अखिलेश समेत विपक्ष पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने किया पलटवार

नई दिल्ली/ए.। ऑक्सफोर्ड की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की को-वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिलते ही राजनीति भी शुरू हो गई है। कोरोना वैक्सीन पर सबसे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान दिया तो इसके बाद कई विपक्षी नेताओं ने बयानबाजी की। विपक्षी दलों के कई नेता वैक्सीन के जरिए बीजेपी और सरकार पर निशाना साध रहे हैं। अखिलेश यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर, राशिद अल्वी समेत कई नेताओं के बयानों के बाद बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार किया है। पुरी ने आरोप लगाया है कि पहले इन लोगों हमारे सैनिकों की वीरता पर सवाल उठाए और अब वैक्सीन को लेकर नाखुश हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, 'हमारे इन हाउस सिनिक जयराम, थरूर और अखिलेश अपने पूरे वास्तविक फॉर्म में व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने पहले हमारे सैनिकों की वीरता पर सवाल उठाया और अब दुखी हैं ■ शेष पृष्ठ 5 पर

दुःखद

उप्र के गाजियाबाद का वाकया, 40 से ज्यादा लोग दब गए थे मलबे में, सभी को पहुंचाया अस्पताल

अंत्येष्टि के दौरान श्मशान की छत गिरी, 14 की मौत

गाजियाबाद/ए.। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में श्मशान घाट की छत गिरने की से इसमें दबकर 14 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत गिरने से 40 से अधिक लोग दब गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों को रेस्क्यू कर गाजियाबाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने 14 मौत की पुष्टि की। मामला कुछ ऐसा है कि दयानंद कॉलोनी निवासी दयाराम की शनिवार की रात बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उनके अंतिम संस्कार में 100 से ज्यादा मोहल्लेवासी व रिश्तेदार शामिल हुए थे। अंत्येष्टि की रस्में चल ही रही थी। इसी बीच पुजारी के आह्वान पर सभी लोग श्मशान घाट परिसर में बने भवन के अंदर खड़े होकर आत्म शांति पाठ कर रहे थे। इसी दौरान एक तरफ की जमीन अचानक धंस गई। परिणाम स्वरूप दीवार नीचे बैठ गई और लेंटर गिर गया।

किसी का भागने तक का नहीं मिला मौका

हादसे में किसी को भागने तक का मौका नहीं मिला। चीखपुकार के बीच कुछ लोग उसके अंदर ही मलबे में दब गए जबकि कुछ ने बमुश्किल दौड़कर अपनी जान बचाई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। भवन ज्यादा पुराना नहीं था। आशंका है कि भराव की जमीन में बने भवन की अधिक बारिश में मिट्टी बैठ गई और यह घटना घटी।

सीएम योगी ने जताया दुख, मआवजे का ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत गिरने की घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृतकों के आश्रितों को 02-02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

बलि का बकरा बन गई हैं पार्टियां : मुफ्ती

भोपाल/ए.। केंद्र सरकार पर जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक दलों को दबाने का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि दुख की बात है कि ये दल बलि का बकरा बन गए हैं और हर कोई उन पर ठीकरा फोड़ रहा है। पीडीपी नेता ने कहा कि इन सबके बावजूद वे संविधान के अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए एक लंबी और कठिन राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं जिसे गैरकानूनी तरीके से हटाया गया था। महबूबा ने कहा, दुख की बात है कि मुख्यधारा बलि का बकरा बन गई है और सब उस पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, सच यह है कि हम अपना पूरा राजनीतिक जीवन दिल्ली की तरफ से लग रहे पाकिस्तान समर्थक होने के आरोपों और कश्मीर से भारत विरोधी तथा कश्मीर विरोधी होने के आरोपों से लड़ते हुए बिता देंगे। महबूबा ने यहां एक साक्षात्कार में ये बातें कही। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

न्यूज गैलरी

स्व. वोरा को श्रद्धांजलि

भिलाई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा को श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भिलाई ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने कहा कि स्व. वोरा राजनीति के अजेय योद्धा बनकर उभरे थे वे हमसभी को छोड़कर स्वर्गवासी हो गए है। अपने पीछे अपने कर्मो की लंबी यादे छोड़ गए है। आज पूरा वोरा परिवार, कांग्रेस परिवार उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। इसी तारतम्य में गुजराती समाज द्वारा भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में कहा कि स्व. वोरा अपने सरल, सहज व्यवहार के कारण सभी राजनीतिक दलों के साथ सामाजिक संगठनों में लोकप्रिय नेता थे।

बार व बेंच एक सिक्के के दो पहलू, बना रहे सामंजस्य : डीजे श्रीवास्तव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा न्यायालय प्रांगण में कोर्ट के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश श्रीवास्तव का स्वागत व नए वर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। संघ के अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सचिव रविशंकर सिंह, लोक अभियोजक बालमुकुंद चन्द्राकर सहित मौजूद सभी पदाधिकरियो, अधिवक्ताओ, अति. लोक अभियोजको ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मुख्यातिथि की आसंदी से न्यायाधीशो व दुर्ग बार के अधिवक्ताओ को संबोधित करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मैंने ट्रेंनिग जज के रूप में दुर्ग से शुरुआत की थी यहाँ मैं तीन बार पदस्थ हुआ हूं व मेरा हर बार दुर्ग से ही प्रमोशन हुआ है मेरे लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि चौथी बार जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में पदस्थ हुआ हूं अपनी सेवाकाल के नौ वर्ष दुर्ग के वकीलों के बीच काम करने से यहाँ के संघ व वकीलों के मिजाज को समझने में कामयाब रहा हूँ यहाँ के वकील कानून और रूलिंग से काम करते है उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है मेरे इस मुकाम तक पहुचने में यहाँ के कई काबिल वकीलों की कार्यशैली का बड़ा योगदान रहा है मैं यहाँ के बार व बेंच की सभी समस्याओं से अवगत हो चुका हूँ। पूर्व से जो भी समस्या रही है उन सभी के जल्द निराकरण करने की दिशा में कार्य करूँगा। बार व बेंच एक सिक्के के दो पहलू है उनमें सामंजस्य बना रहे ऐसा प्रयास करूंगा। पूर्व से ही अपनी कार्यशैली के लिए पहचाने जाते रहे श्री श्रीवास्तव ने भाषण की शुरुआत में मजाकिया लहजे में 'गब्बर इज बैक' कहकर अपने भाषण की शुरुआत की व कई बार भावुक भी हो उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सचिव रविशंकर सिंह ने अधिवक्ताओ की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यथाशीघ्र फैमिली कोर्ट को न्यायालय परिसर से शुरू करने आश्वश्त किया है। कार्यक्रम को संघ की पूर्व अध्यक्ष नीता जैन, शिवशंकर सिंह, अभिभाषक वाणी के संपादक शकील अहमद सिद्दीकी, अतिथि न्यायाधीश यशवंत वासनीकर, हरीश कुमार अवस्थी, रामजीवन देवांगन, अजीत कुमार राजभानु, लोक अभियोजक बाल मुकुंद चन्द्राकर सहित अन्य अधिवक्ताओ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे अधिवक्ता संघ की ओर से श्री श्रीवास्तव का शाल, श्रीफल व मोमेंटो भेट किया व अधिवक्ता रामकली यादव को छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार का सदस्य बनाए जाने पर उन्हें जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश श्रीवास्तव के हाथों सम्मानित किया गया। देर रात्रि तक विभिन सांस्कृतिक आयोजन किए गए जिसमे अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, सैफ कुरैशी, विकास चौधरी एंड ग्रुप, केदारेश्वरी, मोनिका सिंह, प्रतिमा चंचल, सचिव रविशंकर सिंह के साथ मनोज मिश्रा, अशोक शुक्ला, गुलाम नबी, नीरज गुप्ता आदि ने गीत, संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी जिसका न्यायाधीशो, अधिवक्ताओ ने लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रविशंकर सिंह व आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन ने किया। इस दौरान सभी न्यायाधीश के अलावा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधायक देवेंद्र ने जीता जनता का दिल, सैकड़ों हुए कांग्रेसी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य और राज्य के जनता, गरीब, मजदूर किसान के प्रति समर्पण भाव और उनकी रीति. नीति और विधायक व महापौर देवेंद्र यादव की जनता के प्रति प्रेम, इनामदारी, निष्ठा और कर्मठता व कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। खुर्सीपार क्षेत्र में आज भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। करीब 3 करोड़ की लागत से यहां विभिन्न विकास कार्य होने वाले हैं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में शामिल क्षेत्र के नागरिक जो पहले बीजेपी व जनता कांग्रेस जोगी आदि पार्टी से जुड़े थे। वे अपनी पुरानी पार्टी को छोड़ कर युवा महापौर देवेंद्र यादव के काम से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़े और कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया। विधायक यादव ने कांग्रेस के इन सभी नए सदस्यों को कांग्रेस का गमछ पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी का कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। श्री यादव ने कहा कि हम सभी मिलकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के हित और विकास के लिए हर कदम साथ देंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डीकाम राजू, एल्डमेन की उपस्थित में मोतीलाल बर्नवाल, सुरेश बर्नवाल, अरूण कुमार, हरिबंधू, रंजू देवी झा, चंद्रकात झा, उमेश प्रसाद, अंजनी मिश्रा, रेनू शर्मा, मीना सहानी आदि ने कांग्रेस ज्वाइन किया। इन सभी नए कार्यकर्ताओं ने स्वागत के बाद महापौर यादव का आभार जताते हुए कहां कि वे सालों से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। एक.एक बूंद पानी के लिए तरसते थे। वार्ड की नियमित सफाई नहीं होती थी। वर्षो से खुर्सीपार विकास कार्य से अछूता था। पहले के नेताओं ने उन्हें सपने दिखाई और उनका वोट लेकर हर बार धोखा दिया। लेकिन विधायक यादव पहले विधायक व महापौर है, जो हमारे घर आते मोहल्ले में आकर पूछते है कोई समस्या तो नहीं। पूरे खुर्सीपार में जितना विकास महापौर यादव करा रहे हैं। इससे खुर्सीपार की जनता का सपना साकार हो गया है।

हितग्राही मूलक योजना की तिथि बदली

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम द्वारा शासन की विभिन्न हितग्राही मुल्क कल्याणकारी योजना के लिए 4 जनवरी को सुभाष स्कूल अग्रसेन चौक के पास वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड और वार्ड 26 संतरा वाड़ी वार्ड के लिए शिविर का आयोजन किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए शिविर आयोजन की तिथि में परिवर्तन किया गया। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार 4 जनवरी को वार्ड 9 और 10 शंकर नगर के निवासियों के लिए दुर्गामंच के पास शिविर का आयोजन किया तथा 11 जनवरी को गायत्री मंदिर वार्ड और संतरावाड़ी वार्ड के लिए सुभाष स्कूल में शिविर का आयोजन। शिविर स्थल में आम जनता से निराश्रित पेंशन कार्ड, राशन कार्ड, मजदूर पंजीयन कार्ड बनाने के अलावा प्रधानमंत्री आवास देने, पट्टा नवीनीकरण करने तथा नया पट्टा से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। शिविर स्थल में राजस्व विभाग, लोककर्म विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जिनके द्वारा मूलभूत नागरिक सुविधाओं की समस्या संबंधी आवेदन लिया जावेगा।

लायनेस ने कलेक्टर को दिए 1.51 लाख

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। लायनेस प्रेसिडेन्ट अनिता अग्रवाल के नेतृत्व में लायनेस की ओर से कोरोना के रूप में आयी वैश्विक त्रासदी में अपने नैतिक दायित्वों को समझते हुए अपने सभी लायनेस क्लबों एवं लायनेस साथियों के सहयोग से 1 लाख 51 हजार की राशि पीएम केयर फंड में जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के कक्ष में उनके करकमलों द्वारा ड्राफ्ट भेंट किया गया। इस अवसर पर लायनेस अनिता अग्रवाल ने बताया किए रामसेतु में गिलहरी की भूमिका की तरह ही लायनेस का यह छोटा सा सहयोग इस छोटी सी राशि के रूप में जिलाधीश के माध्यम से पीएम केयर फंड में हम भेंट कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रेसिडेन्ट अनिता अग्रवाल के साथ सचिव ला. रूचि सक्सेना, सहकोषाध्यक्ष ला. उषा अग्रवाल, डिपीआरओ सरोज अग्रवाल, ला. अनिता पाण्डेय, एरिया ऑफिसर द्वय ला. सुषमा उपाध्याय, ला. स्नेहलता साहू एवं भिलाई ग्रेट की कोषाध्यक्ष ला. अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थीं।

किसानों के साथ भाजपा कर रही है षड्यंत्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने बारदाना संकट से धान खरीदी प्रभावित होने के मामले में भाजपा नेताओं पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि बारदानों की सप्लाई का काम केंद्र सरकार के अधीन एजेंसी का है। पर्याप्त संख्या में बारदाने न मिलने के कारण धान खरीदी पर असर पड़ने लगा है। भाजपा नेता किसानों के हितों से खिलवाड़ करना बंद करें। भाजपा की साजिशों की राजनीति का पर्दाफाश हो चुका है।

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी बिल से देश भर के किसान पहले से परेशान हैं और इसके विरोध में एक माह से सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा नेताओं के षड्यंत्र के कारण धान खरीदी पर असर पड़ रहा है। भाजपा नेता अन्नदाताओं के साथ षड्यंत्र की राजनीति बंद करे, ताकि धान खरीदी समय पर हो सके। राजेंद्र ने कहा कि धान खरीदी प्रभावित होने का सवाल उठाने वाले प्रदेश के प्रमुख भाजपा नेता बताएं कि किसान हित में केंद्र सरकार से कितने बार बारदाने की मांग किये हैं।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने लगातार बारदाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार को अवगत कराया है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री से चर्चा भी की है। लेकिन किसान विरोधी केंद्र की भाजपा सरकार ने बारदाने की मांग की अनदेखी कर दी। लाखों की संख्या में बारदानों की सप्लाई आज तक नहीं की गई। राजेंद्र ने प्रहार करते हुए कहा कि एक ओर डॉ रमन सिंह, विष्णुदेव साय, धरमलाल कौशिक सहित अन्य भाजपा नेताओं द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को एकमुश्त भुगतान की मांग करते हैं। दूसरी ओर वे गलत जानकारियां देकर केंद्र सरकार के सामने इस योजना का विरोध भी करते हैं। इसके कारण आज तक केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय पूल में एफसीआई द्वारा चावल खरीदी का आदेश राज्य सरकार को नहीं मिल पाया है।

इन कारनामों से भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हो रहा है। भाजपा नेताओं को स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों की धान खरीदी समर्थन मूल्य में होना चाहिए या नहीं। किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना का लाभ मिलना चाहिए या नहीं। वे यह भी स्पष्ट करें कि पिछले दो साल में उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदेश के किसानों के हितों के लिए क्या.क्या मांग की है और किसानों के हित में केंद्र सरकार से क्या सौगात लेकर आए हैं। भाजपा नेता देश के अन्नदाताओं के साथ राजनीतिक षड्यंत्र कर रहे हैं, यह देश का बड़ा दुर्भाग्य है।

22.73 लाख की लागत से आशीष नगर में सीमेंटीकरण

कांग्रेस महासचिव जितेन्द्र ने किया भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। क्षेत्रांतर्गत वार्ड 30 इस्पात नगर संतोषी मंदिर के पास एवं रिसाली बस्ती से नेशनल स्कूल तक मुख्य मार्ग से आंतरिक मार्ग का सीमेंटीकरण का छत्तीसगढ़ कांग्रेस के महासचिव जितेन्द्र साहू ने वार्डवासियों के उपस्थिति में सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। जहां पर 22.73 लाख का सीमेंटीकरण उल्लेखित वार्ड में किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में प्राथमिकता के साथ सड़क निर्माण किया जा रहा है और वे इस दिशा में सदैव प्रयत्नशील है।

गृहमंत्री के अनुशंसा पर बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर वार्डवासियों ने आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि निगम से पृथक होकर निगम का अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के गृहमंत्री एवं स्थानीय विधायक ताम्रध्वज साहू क्षेत्रवासियों के मांग पर व वार्डों में पहुंचकर वार्डवासियों के मंशानुरूप विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में लगे है। निगम वार्डों में प्रतिदिन विकास कार्यों की गाथा लिखी जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राकेश मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर निगम के सभी एल्डरमेन, निर्वतमान पार्षदों, कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। बस्ती प्राथमिक स्कूल के पास एवं अवधपुरी में सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्य पूर्व नियोजित है।

उल्लेखनीय है प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू रिसाली क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रहे है। क्षेत्र की जनता को सुविधा दिलाने के लिए उनकी इच्छा के अनुरुप विकास को अंजाम देने के लिए प्रयासरत् है। श्री साहू की पहल से क्षेत्र की जनता में हर्ष का वातावरण है और श्री साहू के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया जा रहा है।

कार्यों की मॉनिटरिंग करने छावनी पहुंचे ईडी

टीएण्डडी लॉस को कम करने हेतु प्रभावी कदम उठाने के दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल द्वारा छावनी जोन विद्युत कार्यालय पहुंच कर वहाँ संचालित होने वाले कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त एसआर बांधे भी मौजूद रहे। उन्होंने छावनी जोन के अंतर्गत टीएंडडी लॉस को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं लॉस कम करने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देष दिए। श्री पटेल द्वारा घासीदास नगर में सर्वे कर रहे टीमों के कार्यो का भी जायजा लिया गया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में सर्वे करनेए घर के अंदर लगे हुए मीटरों को बाहर लगाने एवं असामान्य ऊंचाई पर लगे मीटरों को आई लेवल पर शिफ्ट करने तथा सर्विस तार को विजिबल करने के निर्देष दिए।

श्री पटेल ने मैदानी अधिकारियों को उपभोक्ताओं का मोबाइल नं दर्ज करने एवं रीडिंग सहीं दर्ज करने की हिदायत दी। कार्यपालक निदेषक द्वारा छावनी जोन के अंतर्गत आने वाले 11 केण्व्हीण् लाइनों की फीडरवार लाइन लॉस की जानकरी ली गई व इम्पोर्ट एवं एक्सपोर्ट पांइट, डीटी टैगिंग, कन्ज्यूमर टैगिंग को पूर्ण करने व सहीं फीडर में टैग करने का निर्देष दिया गया ताकि फीडरवार सहीं वितरण हानि की गणना की जा सके। श्री पटेल द्वारा अधिक लॉस वाले 11 केण्व्हीण् फीडरों की सतत व नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देष दिए गए।

वैक्सीन का हुआ मॉकड्रील

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोविड.19 के लिए वैक्सीन लगाने की तैयारी जिले में भी पूरी प्रक्रिया के साथ की जा रही है। इसके लिए सुचारू रूप से वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया के लिए आज मॉकड्रिल की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने शा. झाडू राम देवांगन शा.उ.मा. विद्यालय में पहुंचकर मॉकड्रिल के माध्यम से कोरोना के वैक्सीन लगाने की व्यवस्था और प्रक्रिया का मुआयना किया। उल्लेखनीय है कि आगामी समय में चिन्हांकित लोगों को वैक्सीन लगाया जाएगा। मॉकड्रील करने का उददेश्य कोरोना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया की सुचारू संचालन एवं सफल बनाने के उददेश्य से किया गया है। इसके लिए जिले भर में लगभग 14 हजार लोगों का चिन्हांकन किया गया है। जिन्हें 50 टीकाकरण केंद्रों के माध्यम से वैक्सीन लगाया जाएगा। टीकाकरण केन्द्र में चिन्हांकित व्यक्ति को सर्वप्रथम सेनेटाइज करने के साथ ही टेम्परेचर मैपिंग किया जाएगा। इसके बाद उनका सत्यापन किया जाएगाए प्रथम सत्यापन के बाद अंतिम सत्यापन कक्ष में निर्धारित पहचान पत्र के जरिए पात्रता निर्धारित की जाएगी। टीकाकरण कक्ष में वैक्सीन लगेगा। वैक्सीन लगाने के उपरांत आधे घंटे के लिए ऑब्जरवेशन में रखा जाएगा।

जागरूकता... नियमों के विरुद्ध वाहन चालन का कार्य करते हुए पाये गए तो उन्हें बंधपत्र भरवाने की दी चेतावनी ...

वाहन चालकों को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दी हिदायत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राजेश श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज राजेन्द्र पार्क चौक में जागरूकता अभियान प्रारंभ की गई। प्रथम दिन दो पहिया वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में लोकेश पटले न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने उपस्थित होकर जनमानस को मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत जानकारी प्रदान की। जिसमें उन्होंने बताया की सीट बेल्ट यो हेलमेट नहीं पहनने पर 1 हजार का अर्थदण्ड, शराब पीकर गाडी चलाने पर 10 हजार, दो पहिये पर 2 से अधिक सवारी बैठाये जाने पर 2 हजार और 03 महिने के लिए गाडी जप्त, लिमिट स्पीड से तेज गाडी चलाने पर 5 हजार, बिना लायसेंस के वाहन के गाडी चलाने पर 5 हजार एवं एम्बुलेंस का रास्ता रोका तो 10 हजार का अर्थदण्ड से दण्डित किया जावेगा। जो वाहन चालक मोटर यान अधिनियम के तहत नियमों के विरूद्ध वाहन चालन का कार्य करते हुए पाये गये हैं उन्हें बंधपत्र भरवाया जाकर चेतावनी दी गई कि वह वाहन का चालन नियमों के विरूद्ध न करें अन्यथा वे कानून की परिधि में दण्डनीय अपराध माना जायेगा । लोगों को वाहन चलाने के संबंध में नियमों की जानकारी नहीं होना तथा बढ़ती दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तथा मोटरयान के नए नियमों की जानकारी जनमानस को दिए जाने के लिए यहां विशेष जागरूकता अभियान हैं। वाहन चालकों को नए संशोधित नियमों की जानकारी तथा मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस बीमा हेलमेट नहीं होने पर लगने वाले अर्थदंड के संबंध में जानकारी देने तथा जो वाहन चालक मोटर यान अधिनियम के तहत गलत पाए जाने वाले वाहन चालकों से बंद पत्र भरवाया जा रहा है दुर्ग में वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं जिसके कारण दुर्घटनाओं में ज्यादा बढ़ोतरी होती जा रही है लोगों में वह अंचल के नियमों की जानकारी नहीं होने से जुर्माना अदा करना पड़ता है नाबालिक वाहन चालन करते हैं और अपने साथ.साथ अन्य व्यक्तियों के जान को जोखिम में डालते हैं लोगों में वाहन के बीमा करवाए जाने में आर्थिक क्षति तो दिखती है किंतु किसी दुर्घटना होने पर जब ज्ञात होता है कि बीमा कराने के महत्व को समझते हैं युवा वर्ग के वाहन चालक तीन सवारी वाहन का चलन करते हैं और अपने वाहन को तेज गति से चलाते हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100700299

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुप कुमार मसीह पिता श्री के. मसीह निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 251/11 का टु. रकबा 832 वर्गफीट भूमि को विक्रेता नारायण लाल कुमावत पिता स्व. बालूराम निवासी मकान नं. 622/जी.एस. बोरसी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.06.2016 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गिरधारी लाल पिता नंदराम वर्मा निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 715/14 रकबा 0.032 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202012101000080
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
श्री बृजेश कुमार पांडेय
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बृजेश कुमार पांडेय पिता/पति/विभाग- विश्वनाथ पांडेय पता रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 5246/2, 5250/1, 5267/1 रकबा 0.2100 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्री फाइव स्टार कन्ट्रेशन कंपनी पार्टनर दिलीप कुमार जैन पिता टीकमचंद जैन से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07.01.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.12.2020 को जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुआ तय, भाजपा नेताओं से होगा सवाल

छग के किसानों को मिल रहे लाभ पर केंद्र को क्या है आपत्ति?

■ **क्या प्रदेश के भाजपा नेता करते हैं इसका समर्थन, यदि नहीं तो विरोध क्यों नहीं करते**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी की बैठक 12 बजे राजीव भवन बैठक कक्ष में और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक 3 बजे सभाकक्ष में संपन्न हुयी। प्रदेश कार्यकारिणी, जिला एवं शहर अध्यक्षों की बैठक में प्रदेश में चल रहे धान खरीदी की खरीदीवार निगरानी पर चर्चा, संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा, जिला मुख्यालयों में कार्यालय भवन निर्माण की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा, सेवाग्राम-वर्धा में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पर चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस की की कार्यकारणी और जिला अध्यक्षों की बैठक में भाजपा के किसान विरोधी चरित्र एवं छत्तीसगढ़ में हो रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी में व्यवधान डालने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। भाजपा से यह सवाल पूछने का फैसला लिया गया कि धान और मक्का उगाने वाले किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के लाभ मिलने से भाजपा की केन्द्र सरकार को क्या आपत्ति है। क्या भाजपा के छत्तीसगढ़ के सांसद और नेता इसका समर्थन करते है? अगर समर्थन नहीं करते है तो विरोध क्यों नहीं करते?

मुयमंत्री के प्रति साधुवाद व्यक्त किया

कांग्रेस की दोनों ही बैठकों में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। इसी का परिणाम है कि एक माह के समय में 52.64 लाख मीट्रिक टन धान 13 लाख 47 हजार किसानों से 1 जनवरी तक खरीदा जा चुका है। जबकि भाजपा के 15 साल के शासनकाल में एक साल में धान की औसत 50 लाख मीट्रिक टन है।

किसानों को मिलने वाले लाभ का विरोध बंद करे भाजपा : मरकाम

नये साल की शुभकामनायें देकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बैठक प्रारंभ की। नयी ऊर्जा के साथ सबको काम करने का आव्हान किया। धान खरीदी संघीय ढांचे में केन्द्र सरकार की ओर से राज्य सरकार एजेंसी की तरह काम करती है। बारदाने उपलब्ध कराना केन्द्र सरकार का दायित्व है। भूपेश बघेल की सरकार अपने संसाधनों से खरीद रही है। छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता किसानों के मुद्दों पर केन्द्र सरकार को गुमराह कर रहे है। भूपेश बघेल सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तह धान, मक्का और गन्ना के किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ राशि दे रही है यह किसान विरोधी भाजपा को रास नहीं आ रहा है। भाजपा स्पष्ट करें कि किसान न्याय योजना की राशि का लाभ किसानों को मिलना चाहिये या नहीं? भाजपा राजीव गांधी न्याय योजना में धान, गन्ना और मक्का उगाने वाले किसानों को 10,000 रू. प्रति एकड़ मिलने का विरोध बंद करें।

आंदोलन के लिए तैयार होगी कार्य योजना

केन्द्र की मोदी सरकार के किसान विरोधी कृत्य को बेनकाब करने प्रदेश स्तर पर एक बड़ी राजनैतिक अभियान चलाकर आंदोलन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा कर कार्ययोजना तय की गयी जिसके तहत पत्रकारवार्ता, हैण्डबिल, खरीदी केन्द्रों में वालराईटिंग, नुक्कड़ सभा, भाजपा सांसदों के घरों का घेराव, प्रदेश, जिला एवं ब्लाक स्तर पर धरना प्रदर्शन, स्पीकअप फॉर धान खरीदी के नाम पर सोशल मीडिया कैम्पेन किया जायेगा।

दिल्ली के किसानों के लिए करेंगे सहयोग

भाजपा की केन्द्र सरकार एमएसपी को खत्म करने में संलिप्त है, उसी के द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ में किसान विरोधी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये धान खरीदी में किसानों तक और राजीव गांधी न्याय योजना का लाभ पहुंचाने में बाधा खड़ी कर रही है। सभी धान खरीदी केन्द्रों के किसानों की ओर से दिल्ली में आंदोलनरत किसान आंदोलन के समर्थन में एक पाइली-काठा धान और 1 रू. का योगदान किसानों की ओर से करने का फैसला लिया गया।

बैठक में ये रहे मौजूद :

आज की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्षगण गुरूमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, गिरीश देवांगन, भानुप्रताप सिंह, चुन्नीलाल साहू, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, प्रभारी प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, महामंत्रीगण द्वारिकाधीश यादव, कन्हैयालाल अग्रवाल, डॉ. थानेश्वर पाटिला, रंजीत कोसरिया, राजेन्द्र साहू, आरती सिंह, यशवर्धन राव, रूकमणी कर्मा, श्रीमती फूलकेरिया भगत, पंकज शर्मा, जितेन्द्र साहू, अरूण सिसोदिया, अर्जुन तिवारी आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

कोरोना वैक्सीन पर राजनीति अनुचित

पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाले जानलेवा कोरोना वायरस से बचने के लिए दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत ने भी वैक्सीन बना ली है। जो जल्द ही लोगों को लगेगी। कोरोना वायरस टीका करण अभियान जल्द शुरू होने जा रहा है और भारत संभवतः दुनिया का पहला ऐसे देश है जहां कोरोना का टीका मुफ्त में लगाया जाएगा। जबकि अमेरिका में इसके लिए पांच हजार रूपए और इंग्लैंड तीन हजार रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। मुफ्त के टीके को लेकर भी हमारे देश में राजनीति शुरू हो गई है। जो कतई उचित नहीं है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव ने कोरोना वैक्सीन को लेकर बेहद बचकाना और विवादास्पद बयान दिया है। उनका कहना है कि वे भाजपा का टीका नहीं लगवाएंगे। क्योंकि उन्हें भाजपा पर भरोसा नहीं है। अखिलेश यादव यह भूल गए है कि कोरोना का टीका भाजपा ने नहीं भारत के वैज्ञानिकों ने अथक मेहनत के बाद तैयार किया है। ऐसे में उनका यह कहना कि यह भाजपा टीका है उनकी घृणित मानसिकता को उजागर करता है। समावादी पार्टी के ही एक और नेता आशुतोष सिन्हा ने तो और भी ज्यादा विवादास्पद बयान दिया है। उनका भी कहना है कि उन्हें भाजपा के टीके पर कतई विश्वास नहीं है। क्योंकि यह भी हो सकता है कि कोरोना की वैक्सीन लोगों को नपुंसक बना दे। इसलिए किसी को भी यह टीका नहीं लगाना चाहिए। कांग्रेस नेता रासिद अलवी ने भी कोरोना के टीके को लेकर संदेह जाहिर किया है और कहा है कि इस टीके के बहाने भाजपा विपक्ष को खत्म कर सकती है। समझ में नहीं आता कि इस तरह के बयान देकर विपक्ष के ये नेता आखिर जाहिर क्या करना चाहते है इन नेताओं को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से सीख लेनी चाहिए कि जिन्होंने कहा है कि वे कोरोना के वैक्सिन जरूर लेंगे क्योंकि यह भाजपा या किसी राजनीतिक दल की वैक्सीन नहीं बल्कि देश की वैक्सीन है। वास्तव में अखिलेश यादव और रासिद अल्वी जैसे नेता देश को बरगलाने का काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। कोरोना वायरस से बचने के लिए सभी को यह टीका लगवाना चाहिए और ऐसे बददिमाग नेताओं के बयानों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हम भारतीयों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि भारतीय वैज्ञानिकों ने रिकार्ड समय में कोरोना वैक्सीन बना ली है और इसका ड्राई रन भी हो चूका है। टीका परीक्षण में मुख्य माफ दंड सुरक्षा और प्रभावकारिता है। जिसके साथ किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया गया है। इस वैक्सीन को लेकर संदेह जताना कतई उचित नहीं है। वैसे भी कोरोना वैक्सीन सभी के लिए अनिवार्य है। बेहतर होगा कि विपक्ष के ये बड़बोले नेता कोरोना वैक्सीन के नाम पर अनाफ सनाफ बयानबाजी करने से बचे और इस टीकाकरण अभियान में सहभागी बने।

डॉ. महंत का नेतृत्व और संसदीय उपलब्धियां

विस अध्यक्ष के रूप में डॉ. महंत का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर विशेष

छत्तीसगढ़ में कोरोना काल में विषम एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विधान सभा सत्र आहूत किया गया, जबकि संसद और अन्य राज्यों में सत्रों को स्थगित कर दिया गया। यद्यपि छत्तीगढ़ विधान सभा में भी कोविड-19 के संक्रमण के दौरान सत्र का आयोजन चुनौतीपूर्ण था। लेकिन सजगता एवं सावधानी पूर्वक समस्त बातों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2020 में विधान सभा के 05 सत्र आहूत किये गये। छत्तीसगढ़ विधान सभा में वर्ष 2019 के मानसून एवं शीतकालीन सत्र में जितनी बैठकें हुई वर्ष 2020 के कोरोना काल में भी मानसून एवं शीतकालीन सत्र में उतनी ही बैठकें हुई इसका तात्पर्य यह है कि कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद छत्तीसगढ़ विधान सभा ने अपने कुशल प्रबंधन के माध्यम से सत्र की बैठकें आयोजित कर संसदीय प्रजातांत्रिक मूल्यों को जीवित रखा।

संसदीय लोकतंत्र में संसद एवं राज्य विधान मंडल केन्द्र बिन्दु होते हैं, छत्तीसगढ़ विधान सभा सफलता और सम्मान के अनेक नये अध्यायों को सृजित करते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रही हैं। सभा में संसदीय मूल्यों की स्थापना तथा प्रजातांत्रिक सिद्धातों के अनुकूल कार्यवाही संचालन की प्रतिबद्धता छत्तीसगढ़ विधानसभा का सदैव मूल मंत्र रहा है। दिनांक 04 जनवरी, 2019 को छत्तीसगढ़ विधान सभा का अध्यक्ष बनने के बाद आसंदी से अपने पहले अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. चरणदास महंत ने संत कबीर दास जी का दोहा पढ़कर अपनी मंशा जाहिर की थीः-

''कबीरा खड़ा बजार में, माँगे सबकी खैर,

ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर''

उन्होंने कहा था कि-हम प्रतिबद्ध और वचन बद्ध हैं, हमें सदन की गरिमा का ध्यान रखना होगा, और वह सभी मान. सदस्यों के सहयोग के बगैर संभव नहीं है। हम सर्वकल्याण के उद्देश्य से चलें। सदन की कार्यवाही के दौरान हममें मत-भेद हो सकते हैं, लेकिन मन-भेद नहीं होना चाहिए। आदर्श लोकतंत्र की इस परिकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा के पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सदन के बाहर और अंदर सदैव अपने कार्य, विचार एवं व्यवहार से इस कथन को आत्मसात् किया है।

गांधी जी के विचारों से प्रभावित होने के फलस्वरूप सत्य, अहिंसा और मानवता के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 150 वीं जयंती पर ''छत्तीसगढ़ विधान सभा'' का दो दिवसीय विशेष सत्र 02 एवं 03 अक्टूबर, 2019 को आयोजित किया गया। इस सत्र में गॉधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर मान. सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस विशेष-सत्र के अवसर पर गॉधी जी के जीवन दर्शन पर केन्द्रित प्रदर्शनी, नाटक एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। देश में इस तरह के विशेष सत्र का आयोजन करने वाला छत्तीसढ़ प्रथम राज्य बना। गॉधी जी के प्रति भावनात्मक लगाव को महसूस करने के लिए सभी मान. सदस्यों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के संसद सदस्यों को खादी एवं कोसे के परिधान प्रदाय किये गये। पहली बार पंचम विधान सभा के नव-निर्वाचित सदस्यों को शपथ तथा गांधी जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष-सत्र की कार्यवाही का दूरदर्शन से सीधा प्रसारण किया गया।

छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा में पहली बार 28 मान. सदस्यों ने सदन मे छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली। डॉ. महंत ने फरवरी, 2019 सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की चर्चा में केवल मान. महिला सदस्यों को चर्चा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। 25 नवम्बर, 2019 से सत्र की कार्यवाही के प्रथम दिवस राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ राज्य गीत 'अरपा पइरी के धार...' का सदन में गायन हुआ। भारत के संविधान के अंगीकरण की 70 वीं वर्षगांठ पर 26 नवम्बर, 2019 को सभा में विशेष चर्चा करायी गयी। दिनांक 28 नवम्बर, को ''छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस'' के अवसर पर मान. अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की व्यवस्था के फलस्वरूप सदन की सम्पूर्ण कार्यवाही छत्तीसगढ़ी भाषा में सम्पन्न हुई। इससे यह स्थापित हुआ कि छत्तीसगढ़ विधान सभा अपनी लोक-संस्कृति, लोक-परम्परा और लोकाचार के प्रति पूर्णतः सजग और गंभीर है

डॉ. चरणदास महंत की परिकल्पना के अनुरूप 29 अगस्त, 2020 को नवा रायपुर के सेक्टर-19 में नवीन विधान सभा भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा के कार्यकाल से छत्तीसगढ़ विधानसभा की अशोधित कार्यवाही को वेबसाइट पर आनलाईन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि सभी मान. सदस्य, पत्रकारगण एवं आम नागरिक इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ ले सकें।

छत्तीसगढ़ में कोरोना काल में विषम एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विधान सभा सत्र आहूत किया गया, जबकि संसद और अन्य राज्यों में सत्रों को स्थगित कर दिया गया। यद्यपि छत्तीगढ़ विधान सभा में भी कोविड-19 के संक्रमण के दौरान सत्र का आयोजन चुनौतीपूर्ण था। लेकिन सजगता एवं सावधानी पूर्वक समस्त बातों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2020 में विधान सभा के 05 सत्र आहूत किये गये। छत्तीसगढ़ विधान सभा में वर्ष 2019 के मानसून एवं शीतकालीन सत्र में जितनी बैठकें हुई वर्ष 2020 के कोरोना काल में भी मानसून एवं शीतकालीन सत्र में उतनी ही बैठकें हुई इसका तात्पर्य यह है कि कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद छत्तीसगढ़ विधान सभा ने अपने कुशल प्रबंधन के माध्यम से सत्र की बैठकें आयोजित कर संसदीय प्रजातांत्रिक मूल्यों को जीवित रखा।

कोविड-19 संक्रमण के दौरान विधान सभा में ग्लास-पार्टीशन के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन निश्चित रूप से सराहनीय एवं अनुकरणीय था। विधायकों के परिसर एवं सदन में प्रवेश के पहले उनकी सम्पूर्ण जॉच की व्यवस्था की गयी। सदन में बैठक व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए थ्री एवं फोर सीटर सोफे के स्थान पर टू-सीटर सोफे तैयार कराये गये, जिससे कि सोफों के बीच सुलभ तरीके से आवागमन एवं ग्लास पार्टीशन हो सके। कोरोना की विषम परिस्थितियों में जब सदन की समस्त दीर्घाए बंद कर दी गयी थी, सदन की कार्यवाही आम जनता तक पहुँच सके, इसके लिए विधान सभा परिसर स्थित प्रेक्षागृह में सामाजिक दूरी का पूरी तरह से पालन करते हुए मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए एक बड़ी स्क्रीन में सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण कर देखने की व्यवस्था की गयी।

पिछले सत्र में तो मीडिया प्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप उन्हें पत्रकार दीर्घा के साथ दर्शक दीर्घा में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कवरेज की अनुमति दी गई। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों/ कैमरामेन को भी सदन के समीप स्थान उपलब्ध कराया गया, जिससे सदन की कार्यवाही से संबंधित मान. मुख्यमंत्री, मान. मंत्रीगण एवं मान. सदस्यों की विषय-विशेष पर प्रतिक्रिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंच सके।

आरंभ से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ विधान सभा ने संसदीय मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ अपनी सामाजिक सरोकारिता को भी सिद्ध किया है। यहॉं जो उत्कृष्ट संसदीय वातावरण बना हुआ है इसका पूरा श्रेय सदन के सभी सम्माननीय सदस्यों को जाता है। जिन्होंने पक्ष-प्रतिपक्ष की भूमिका से ऊपर उठकर अपनी दलीय प्रतिबद्धता के बावजूद प्रत्येक परिस्थिति में सदन में परस्पर सम्मान, सौहार्द्र एवं समादर का भाव बनाये रखा है।

(जनसंपर्क कार्यालय, छग विधान सभा)

विचार

केरलः मुद्दई सुस्त, गवाह चुस्त

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

केरल की कम्युनिस्ट सरकार ने कमाल कर दिया है। अपनी विधानसभा में उसने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कृषि-कानूनों की भर्त्सना की गई है। उसमें केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह तीनों कानूनों को वापस ले ले। केरल की सरकार ने वह काम कर दिखाया है, जो पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी सरकारें भी नहीं कर सकीं। केरल ने केंद्र की यह जो सरकारी निंदा की है, वैसी निंदा मुझे याद नहीं पड़ता कि पहले कभी किसी राज्य सरकार ने की है। और मजा तो इस बात का है कि केरल वह राज्य है, जिसमें केंद्र सरकार के इन तीनों कृषि-कानूनों का कोई खास प्रभाव नहीं होनेवाला है। केरल में न्यूनतम समर्थन मूल्यवाले पदार्थों की खेती बहुत कम होती है। वहां सरकारी खरीद और भंडारण नगण्य है। वहां साग-सब्जी और फलों की पैदावार कुल खेती की 80 प्रतिशत है। केरल सरकार ने 16 सब्जियों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए हुए हैं। इसके अलावा किसानों की सहायता के लिए 32 करोड़ रु. की राशि अलग की हुई है। इसके बावजूद उसने कृषि-कानूनों पर भर्त्सना-प्रस्ताव पारित किया है याने मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। केरल ने आ बैल सींग मार की कहावत को चरितार्थ कर दिया है। इसीलिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इसी मुद्दे पर विधानसभा बुलाने की अनुमति टाल दी थी। केरल का मंत्रिमंडल एक दिन के नोटिस पर विधानसभा आहूत करना चाहता था। उसे चाहिए था कि राज्यपाल के संकोच के बाद वह अपना दुराग्रह छोड़ देता लेकिन अब यह प्रस्ताव पारित करके उसने मजाकिया काम कर डाला। आश्चर्य यह भी है कि भाजपा के एक मात्र विधायक ओ. राजगोपाल ने भी इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। कांग्रेसी विधायकों ने भी इसका समर्थन किया लेकिन उनको दुख है कि इसमें मोदी सरकार की भर्त्सना नहीं की गई। इस प्रस्ताव में उक्त कानूनों के बारे में जो संदेह व्यक्त किए गए हैं, वे निराधार नहीं हैं और कानून बनाते वक्त केंद्र सरकार ने जिस हड़बड़ी का परिचय दिया है, उसकी आलोचना भी तर्कपूर्ण है लेकिन यह काम तो केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन अपना बयान जारी करके या प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भी कर सकते थे। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर किसी केंद्रीय कानून को वापस लेने की मांग करना मुझे काफी अतिवादी कदम मालूम पड़ता है। ऐसे कदम स्वस्थ संघवाद के लिए शुभ नहीं कहे जा सकते।

शाहीन सरीखी साज़िशों से जागरूक होने का संकल्प है जरूरी

मुनीष भाटिया

उल्लेखनीय है कि भारतीय बजट के 64 फीसदी राजस्व प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों के रूप में एकत्रित होता है जिनका उपयोग विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा खर्च किया जाता है ष्ठ आम नागरिकों से जिनमें कि ईमानदारी से कर देने वाले करदाता भी हैं जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी माध्यम से शासन को कर देते हैं ताकि उन्हें बेहतर बुनियादी ढांचा मिले जिनमे सुविधाजनक सड़क मार्ग और सुगम्य रेल बिजली व् संचार की सुविधाए उपलब्ध हो सकें उन्हीं करदाताओं से उनका सडक से चलने का अधिकार छीन लेना सरासर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवहेलना है ष्ठ ऐसे में राष्ट्र ध्वज पकड़ कर प्रदर्शित की जाने वाली उनकी देशभक्ति बेमानी सी लगती है ष्ठ इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय ने ये भी निर्देशित किया था कि बेशक भारतीय नागरिकों को संविधान विरोध का अधिकार तो है साथ ही नागरिकों का समाज के प्रति कर्तव्य भी हैं जिन्हें अधिकार से पृथक कर नहीं देखा जा सकता।

समाज में बढ़ता असंतोष की भावना ने आज ना केवल पूरे समाज को बल्कि राष्ट्र की विकास गति को भी बाधित करने का प्रयास किया है। यह जरूरी नहीं कि समाज के प्रत्येक वर्ग को संतुष्ट किया जा सके ऐसे में विरोध प्रदर्शन का सहारा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अक्सर लिया ही जाता है। बस आजकल यही विरोध का तरीका बदला बदला सा नजर आ रहा है। नागरिकता क़ानून से शुरू हुआ शाहीन स्टाइल विरोध का फार्मूला नए भारत में तेजी से चल पड़ा है ष्ठ धरना प्रदर्शन तो स्वस्थ लोकतंत्र का आभूषण है किन्तु अब वही आभूषण वर्तमान समाज में अपने तथाकथित आधुनिक शाहीन स्टाइल की वजह से देश के विकास चक्र की राह में गले की फांस बनता जा रहा है। हाथ में तिरंगा, प्रदर्शन स्थल पर भगत सिंह सरीखे देश भक्तों के चित्र और प्रदर्शनकारियों द्वारा गांधी अनशन और राष्ट्रीय सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर कथित राष्ट्रभक्ति पर ही प्रश्नचिंह लगा रहा है।

आम भारतीय नागरिकों की सामान्य सेवाएँ जिनमे रेल और राष्ट्रीय मार्ग रोक अथवा नेटवर्क टावर की तारों को काट, संचार सेवाओं को बाधित कर और अन्य जन सुविधाओं को बाधित कर आखिर ये तथाकथित प्रदर्शनकारी किस तरह की देशभक्ति का परिचय दे रहे होते ये समझ से परे होता है। मतभेद से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन, पार्टी और व्यक्ति विशेष के विरोध और राजनीति स्वार्थों की पूर्ति के कुत्सित प्रयास का जरिया बन जाता है। देश का प्रधान मंत्री जो कि खुद में एक राष्ट्र की संस्था होता है उसके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग और अपमान जनक नारों का लगाना तो कोई देश भक्ति नहीं हो सकती। इस तरह के कुकृत्य ना केवल धरना प्रदर्शन को दिग्भ्रमित करता है बल्कि आम भारतीय जन के मन में भी कई सवाल खड़े करता है।

आजकल के इन आधुनिक धरना प्रदर्शन में फाइव स्टार सुविधाओं जिनमें जिम, ख्याति प्राप्त गायकों एवं संगीतज्ञों की संगीत संध्या, हाई टेक सोशल मीडिया प्रसारण के नियंत्रण कक्ष और खान पान में शाही अंदाज़ एवं इसके अलावा नशीले पदार्थों की खेप की उपलब्धता, इनके परदे के पीछे समाज व् राष्ट्र विरोधी बाहरी शक्तियों के होने की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिसका लाभ देश में पल्लवित हो रही देश विरोधी ताकते बखूबी से इस्तेमाल करती हैं और भोली भाली जनता इनके हाथों का खिलौना बनने में देर नहीं लगती ष्ठ ऐसे में आन्दोलन का भटकाव और उनके हाथों की कठपुतली की भान्ति अपना नियंत्रण खो देती हैं। इन आधुनिक कथित धरना प्रदर्शनों में, विरोधी ताकतों द्वारा स्थापित हाई टेक

इस तरह आज देखा जाए तो आज के नए स्टाइल के विरोध प्रदर्शन खुद के संवैधानिक अधिकारों की बात तो बखूबी से कर रहे हैं किन्तु उसी संविधान में उल्लिखित कर्तव्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं। भले ही नागरिकता बिल विरोध हो या कृषि बिल के विरोध का तरीका दोनों आम जन की सुविधाओं को नजरंदाज़ किया गया और बिल का विरोध के नाम पर लम्बे समय तक राष्ट्रीय मार्गों को अवरोधित किया गया और अंततः विरोध की कमान गुमराह लोगों के हाथों में आ गई जिसका खामियाजा आम भारतीय नागरिक और ईमानदारी से कर देने वाले करदाता को भुगतना पड़ा। ऐसे में आज ये जरूरी हो गया है कि समाज में अधिकारों के साथ खुद के समाज के प्रति कर्तव्यों को भी समझा जाए। नए वर्ष के नए संकल्पों में जन विरोध के नाम पर भोली-भाली अवाम से खेली जा रही सियासत को आम लोगों को समझना होगा।

सोशल मीडिया सेल अपने भ्रमित प्रचार से रही सही कसर पूरी कर देता है। इनके द्वारा जो फेक न्यूज़ फैलाई जाती है वह एक दावानल की भान्ति पूरे समाज में आग फैलाने का काम करती है। इसका ज्वलंत उदाहरण बीते दिनों बंगलौर और दिल्ली दंगों में सोशल मीडिया की इन पोस्ट की भी द्वारा निभाई भूमिका से मिलता है। हालांकि इन घटनाओं के बाद वेबसाइट और प्राइवेट सोशल मीडिया अकाउंट को सरकार द्वारा त्वरित प्रभाव से प्रतिबंधित भी किया गया लेकिन राष्ट्रविरोधी ताकतें फिर किसी दूसरे नाम से सोशल मीडिया में अवतरित हो गयी। इन घातक सोशल मीडिया की घातक पोस्ट का असर छोटे - छोटे कस्बे व गांव में व्यापक रूप से देखने को मिलता है जो कि पूरे समाज में ज़हरीला माहौल तैयार करती है।

आज के आधुनिक जन विरोध में इस तरह की रणनीति अपनाई जा रही है जिसमें महिलाओं और बच्चों को विशेष तौर अगली कमान पर रखा जाता है। जिसका उद्देश्य यह होता है कि प्रशासन, महिलाओं और बच्चों कोई भी कठोर प्रक्रिया करने से अक्सर गुरेज़ करता है। इस तरह का प्रयोग विरोधी ताकतों ने कश्मीर में सफल होते देखा है जहाँ महिलाओं और बच्चों को आगे कर आतंकवादी गतिविधियाँ सरलता से अंजाम दी जाती रही हैं। इसी तकनीक का प्रयोग दिल्ली के शाहीन बाग़ समेत देश भर में तमाम नागरिकता क़ानून के विरोध में हुआ और अब यही तरीका कृषि बिल क़ानून के लिए पंजाब प्रांत से शुरू किया जा चुका है। प्रधान मंत्री जैसी संस्था के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग और विरोध के नाम पर रूदन करना संविधान के अंतर्गत परिभाषित कार्यपालिका प्रमुख की गरिमा का भी अपमान है। ऐसे में धरना प्रदर्शनों में राष्ट्रभक्ति के नारों का क्या ओचित्य रह जाता यह समझ से परे है। उल्लेखनीय है भारत गणराज्य के अंतर्गत प्रधानमंत्री का पद भारतीय संघ के शासन प्रमुख का पद है। भारतीय संविधान के अनुसार प्रधान केंद्र सरकार के मंत्रीपरिषद का प्रमुख और राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार के रूप में परिभाषित है। इसके अलावा यह पद भारत सरकार के कार्यपालिका का प्रमुख के रूप में होना बताया गया है जो कि सरकार के कार्यों के प्रति संसद में जवाबदेह होता है। इस तरह भारतीय संविधान के अंतर्गत व्याखित इस पद की गरिमा का जिस तरह से इन विरोधी ताकतों के द्वारा किया जा रहा है एवं असंवैधानिक भाषा का जिस तरह से प्रयोग किया जाता है वह इस जन विरोध के वास्तविक उद्देश्य से भटकाव तो दे ही रहा है साथ ही राजनैतिक परिदृश्य से अदृश्य हो रहे राजनैतिक दलों की मंशा को भी उजागर करता है। देश की सर्वोच्च न्यायलय ने अपने निर्णय में इंगित किया है कि विरोध जताने के लिए सार्वजनिक स्थल को अवरोधित नहीं किया जा सकता। किसी भी प्रदर्शन के लिए अलग से स्थल निश्चित होना चाहिये। किसी भी सूरत में विरोधियों को सार्वजनिक स्थल पर आम आदमी के मौलिक अधिकारों के हनन की इजाजत नहीं होनी चाहिए और कोई भी क़ानून इस हनन का समर्थन नहीं करता ष्ठ लेकिन फिर भी आजकल के विरोध प्रदर्शन आम नागरिकों के सडक पर चलने के अधिकारों को हनन कर रहे हैं जोकि सर्वोच्च न्यायलय के एतिहासिक निर्णय का उल्लंघन है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

साल दर साल यूँ गुजरते हैं ख्वाब

साल दर साल यूँ गुजरते हैं। ख्वाब हर बार कुछ सँवरते हैं।। काश !उल्फत निभा सको तुम भी, जिस्म क्या जाँ तलक़ निखरते हैं। ज़िन्दगी में रहे सदाकत ही, ये दुआ बेपनाह करते हैं। शूल सा क्यों मिज़ाज रखना है, फूल बनकर चलो बिखरते हैं। गर खुशी का 'अधर' समां हासिल,ग़म कहाँ पास तब ठहरते हैं।। **शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'**

नया वर्ष हो नया हर्ष हो, नव प्रभात का

नया वर्ष हो नया हर्ष हो, नव प्रभात का नव उजियारा कलुषित भेदभाव मिटे, हरो मनुज मन का अंधियारा नव वर्ष की स्वर्ण रश्मियों से आल्हादित हो गगन-धरा नई दृष्टि पाये जग सारा, स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।

कवि सुशील भोले

ख़ास पाती | आओ खुशियाँ मनाएँ नए साल

आओ खुशियाँ मनाएँ नए साल में। बस हँसे और मुस्कराएं नए साल में। गलतियां जो कर चुके हम सीख उनसे कुछ लेते चलें बातों से दिल किसी का न दुखे हर पल भावना ऐसी मन में रहे। कुछ ऐसा हिसाब लगाएं नए साल में। बस हँसे और मुस्कराएं नए साल में। अपना - पराया बहुत किया ये कोई अच्छा काम नही है खिल जाएं चेहरे मुस्कानों से दें सबको दिल से शुभकामनाएं। कोई दुखी न रहे ऐसी हो भावनाएं। बस हँसे और मुस्काये नए साल में। **रश्मि ठाकुर**

किसी मकसद के लिए खड़े रहो

किसी मकसद के लिए खड़े रहो एक पेड़ की तरह, गिरो तो एक बिज की तरह, ताकि दुबारा उगकर उसी मकसद के लिए, फिर से जंग कर सको नववर्ष की शुभकामनाएं, आपका जीवन सुखमय हो, नववर्ष में आपकी हर मनोकामना पूरी हो,आप सदा खुश रहें, स्वस्थ रहें, आनंदित रहें, शुभातिशुभम।

मोना सेन गुप्ता

नव वर्ष अभिनंदन हो हर तन में कपड़ा

नव वर्ष अभिनंदन हो हर तन में कपड़ा हो, हर सर पर छत हो, रोटी का जंग कोई न हारे, कोई जन शिक्षा से वंचित न हो, हर हाथ को मिले काम, हर घर दीपक से रौशन हो। नव वर्ष अभिनंदन हो। नव वर्ष अभिनंदन हो। सूरज की प्रथम रश्मि के संग, सभी साथियों, इष्टजनों, स्नेहिल विद्यार्थियों को नववर्ष की मंगलकामनाएं।

वर्षा ठाकुर

यकीं रखो.,ये नव वर्ष, खुशियों

यकीं रखो.,ये नव वर्ष, खुशियों का कारवाँ लाएगा, अंधरो में लिपटी जिंदगी में.,एक नया सवेरा आएगा, बीता साल तो जिंदगी में जहर घोल के चला गया, है उम्मीद.,ये नया साल.,अमृत की बूंदे बरसायेगा!! सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामना?! **श्रीकांत गुप्ता**

वर्तमान से बीस तुम, बनने चल

वर्तमान से बीस तुम, बनने चले अतीत। योद्धा सम हर पल लड़े, कोरोना से मीत।। विपदा आई विश्व में, नहीं चैन अरु हर्ष। दोष तुम्हारा है नहीं, जाने वाले वर्ष।। नए साल में हम रहें, तन-मन से मजबूत। लापरवाही छोड़ दें, बैठे हैं यमदूत।। संयम से हर पल रहें, भीड़भाड़ से दूर। धन, वैभव बढ़ता रहे, उन्नति हो भरपूर।। नया वर्ष हो हर्षमय, नेह-बीज दें बोय। रुदन सुनाई दे नहीं, अमन वतन में होय।। **राजकुमार धर द्विवेदी**

ढोंग कपट को पूज्य बनाते मैंने अनुचर

ढोंग कपट को पूज्य बनाते ,मैंने अनुचर देखे हैं। बिना किए विषपान बने जो, ऐसे शंकर देखे हैं।। निद्रा से साधन का नाता,जो कहता वह झूठा है, सलवट वाले रंग- बिरंगी, सुंदर बिस्तर देखे हैं। हुआ बावला मन का पंछी,ज्वार उठाए कामुकता, देहयष्टि से जब- जब लिपटे, छोटे अंबर देखे हैं। साहस धैर्य शौर्य की पूँजी,सब संभव कर देती है, शिला खंड को तोड़ सदा ही,बनते निर्झर देखे हैं। लज्जित होती है मानवता,खून टपकता है जिनसे, नित्य सुबह अखबारों में कुछ, ऐसे अक्षर देखे हैं। बोलें देखें सुनें सभी कुछ ,बैठे हैं चुप्पी साधे, नई तरह के गाँधी जी के ,मैंने बंदर देखे हैं। मत सोचो मधुमासों में ही,अपना जीवन बीता है, मैंने भी तूफान सहे हैं, लाखों पतझर देखें हैं। **डॉ बिपिन पाण्डेय**

QUIZ TIME

1) जर्मनी के एडोल्फडैजलर द्वारा 1920 के दशक में खेल संबंधी कपड़े और उपकरण बनाने वाली कौन-सी कंपनी की स्थापना की गई थी?

2) वर्ष 1945 के माल्टा सम्मेलन में निर्धारित 38 डिग्री आक्षांष रेखा किस एशियाई क्षेत्र को विभाजित करती है?

3) महमूद गजनवी ने 1000 ई.से 1027 ई. के मध्य भारत पर कुल कितनी बार आक्रमण किया?

4) मुगल काल में भक्ति आंदोलन की कौन सी शाखा प्रमुख थी?

5) समाजसेवक का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) एडिडास (2) कोरिया (3) 17 बार (4) रामभक्ति शाखा और कृष्णभक्ति शाखा (5) शमशाद बेगम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 जनवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1643 - मशहूर भौतिक विज्ञानी आइजक न्यूटन का जन्म। 1809 - ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेंल का जन्म। 1931 - प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निरुपा रॉय का जन्म। 1952 - भारत के 43वें मुख्य न्यायाधीश टी. एस. ठाकुर का जन्म। 1955 - सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता प्रताप चन्द्र सारंगी का जन्म। 1965 - हिन्दी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता आदित्य पंचोली का जन्म। 1966 - भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत पाकिस्तान सम्मलेन की शुरुआत। 1972 - नयी दिल्ली में इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फोरेंसिक साइंस का उद्घाटन। 1990 - पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए। 1994 - मशहूर संगीतकार राहुल देव बर्मन का निधन। 1998 - बंगलादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया। 2006 - दुबई के शासक शेख़मकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन। 2008 - अमेरिका ने श्रीलंका को सैन्य उपकरणों और सेवाओं की आपूर्ति पर रोक लगायी। 2009 - पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा। 2016 - भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश एस.एच कपाड़िया का निधन।

नवनिर्मित लवन-सरखोर रोड पर भारी वाहनों के चलने से पड़ रहे गड्ढे

■ भारी वाहनों के कारण लवन-सरखोर मार्ग में नजर आ रहे गड्ढे

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। लवन से सरखोर मार्ग की दूरी 6.15 किमी है। इस रोड को एक साल पहले ही भाटापारा, ठेकेदार प्रमोद कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाई गई थी। उक्त रोड के लिए 125.05 लाख स्वीकृति मिली थी। बीते दो तीन माह से इस सड़क पर लगातार भारी वाहन चल रही है। इस सड़क की क्षमता कम है, जिस पर भारी वजनी वाहन के चलने से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए है। रोड का डामर उखड़कर गड्ढो में तब्दील हो रहा है जो कि दुर्घटना को दावत देने के कगार पर पहुंच गए है। समय रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई गई तो समस्या और अधिक विकराल हो सकती है। वाहन चालक गड्ढों की वजह से नियंत्रण खोकर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त रोड से हाईवा वाहन में बेलगाम मुरूम गाड़िया चल रही है। इसलिए लवन, सरखोर मार्ग का दबाव बहुत अधिक हो गया है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों पर उसकी क्षमता से अधिक वजन के वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी इस मार्ग पर धडल्ले के साथ

मुरूम गाड़ीया चल रही है। यही कारण है कि मार्ग निर्माण के बाद बहुत ही कम समय में मरम्मत की कगार पर पहुंच गया है। आम लोगों को आवाजाही के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग सरखोर, पंडरिया, जोंधरा होते हुए बिलासपुर जिले को जोड़ती है इस वजह से इस मार्ग पर दोपहिया वाहनों का आना-जाना दिन भर होता रहता है। दोपहिया वाहन चालक रात में गड्ढों को भांप नहीं पाने की वजह से गिरकर चोंटिल भी हो रहे है। ठेकेदार व विभाग द्वारा 12 टन से अधिक वजनी वाहनों प्रवेश निषेध का बोर्ड तो लगाया गया है, लेकिन वाहन चालक प्रवेश निषेध बोर्ड को दरकिनार कर धड़ल्ले से वाहनों को उक्त रोड पर बेखौफ दौड़ा रहे है। इससे नवनिर्मित लवन, सरखोर मार्ग की हालत समय से पहले दम तोड़ रही है। मार्ग में जगह-जगह पर गड्ढे बन चूके है। इस रोड का संधारण कार्य करीब डेढ़ से दो दशक बीत जाने के बाद हुआ है। उस पर भी भारी वाहनों का दबाव बढ़ने से रोड जर्जर स्थिति में निर्मित हो रही है। राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> इस संबंध में इंजिनियर प्रमोद कुमार निर्मलकर ने चर्चा के दौरान बताया कि ठेकेदार द्वारा 5 साल तक मेन्टेन्स का कार्य कराया जायेगा। आगे यह भी बताया कि जंहा-जंहा पानी रूक रहा है, वहीं आसपास की रोड ही ज्यादा खराब हो रहे है।
>
> **प्रमोद कुमार निर्मलकर**, इंजिनियर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

नगर में पहली बार आयोजित किसलय कराओके सिंगिग प्रोग्राम रहा सफल

लवन। नगर के गुरूघासीदास सांस्कृतिक भवन में नये साल के उपलक्ष्य में 01 जनवरी को किसलय कराओके ग्रुप का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से शरू हुई। जिसके बाद ग्रुप के सदस्य मोहन मानिकपुरी ने लुटे कोई मन कर नगर एवं उनकी धर्मपत्नी कमला मानिकपुरी द्वारा संयुक्त रूप से गाना प्रस्तुत किया गया। वही महाभारत का टाईटल जितेन्द्र बार्वे व अन्य सदस्यों के द्वारा व गीत प्रस्तुत किया गया। दर्शको ने बताया कि ऐसा कार्यक्रम पहली बार हुआ और काफी हद तक सफल भी रहा। उक्त कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र अनंत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल अनंत, सूर्या मिरी, रोहन साहू, तुलसी वर्मा, राजा साहू, मिनाक्षी साहू, विजय जायसवाल का अहम योगदान रहा।

गौठान निरीक्षण करने पहुंचीं संसदीय सचिव शकुंतला साहू

लवन। रविवार को सुश्री शकुन्तला साहू ने बलौदा बाजार विकासखंड के ग्राम डमरू में सरकार की महत्वपूर्ण योजना गौठान का निरीक्षण किया। गौठान में चबूतरा निर्माण , वर्मी टैंक सेड निर्माण की गुणवत्ता का अवलोकन की। साथ ही ग्रामीणों को प्रेरित करते हुवे सुश्री साहू ने बताई की नरवा-गरवा-घूरवा-बाड़ी सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत गौठान का निर्माण हर पंचायत में किया जा रहा है। गौ माता की गोबर को हमारी सरकार 2 रुपये किलो में खरीद रही है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट (खाद) का निर्माण होगा जो कि फसल के लिए उपयोगी है रासायनिक खाद की उपयोग कम होगा एवं गौठान समिति व महिला स्व सहायता को भी आर्थिक लाभ होगी, व आत्म निर्भर होंगे। गौठान बनने के बाद गाये गौठान में रहेगी किसानों की फसल नुकशान नही होगी गौठान समिति के सदस्यों को निर्देशित भी किये की पंचायत के साथ मिलकर गौठान की निगरानी एवं देख रेख करे ,सभी गौठानो में पशुओं के लिए चारा (पैरा) की ब्यवस्था अभी से करके रखे। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर गौठान तक शीघ्रताशीघ्र पोल लगाकर विद्युत सप्लाई करने निर्देश दिए। इस अवसर पर खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, परमेश्वर यदु सदस्य जिला पंचायत बलौदाबाजार, मनोज बंजारे सरपंच प्रतिनिधि डमरू, ग्राम गौठान समिति के अध्यक्ष डॉ टेकराम सही, एडिशनल सीईओ टी एस ठाकुर, पीआरपी मैडम, रामेश्वर साहू, नीलेश कश्यप, पुनालाल साहू, गौरीशंकर कश्यप,चित्ररेखा साहू, परमेश्वरी साहू, गायत्री साहू, राहुल यादव, दिनेश साहू, उषा साहू, पूर्णिमा विश्वकर्मा, लता साहू, भुनेश्वरी साहू, संजू घृतलहरे, स्वसहायता समूह एवं ग्राम गौठान समिति के सदस्य ग्राम के कार्यकर्ता पंच एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।

सचिव संघ की हड़ताल का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर

भाटापारा। स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय के सामने एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे सचिव संघ की हड़ताल का अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर दिखने लगा है वही रविवार को 9 वे दिन भी सचिव धरने पर बैठे रहे। पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी मनीष दुबे,मन्नूलाल वर्मा,रोहित प्रजापति,रमेश वर्मा,विनोद वैष्णव,अमरनाथ मन हरे ,रविशंकर साहू आदि ने बताया की उनकी एक सूत्रीय मांग को लगातार प्रदेश सरकार के द्वारा अनदेखी की जा रही है। सरकार को बार बार आगाह किया जा रहा है लेकिन उनकी एक सूत्रीय मांग को टाल मटोल किया जा रहा है, उनकी इस एक सूत्रीय मांग को पूरी नही किया जायेगा तब तक उनकी हड़ताल अनवरत जारी रहेगी। विदित हो की ब्लाक सचिव संघ अध्यक्ष प्रशेन सिंह भट्ट के नेतृत्व में सचिव संघ अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार से कलमबंद हड़ताल पर चले गए है।सचिव संघ ने गत दिवस एक दिवसीय धरना देकर शासन प्रसाशन को आगाह किया था और अपनी एक सूत्रीय मांग पूरी ना होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जनपद कार्यालय के समक्ष पंडाल तान कर हड़ताल पर बैठ गए है ब्लाक पंचायत सचिव संघ प्रदेश संघ के आह्वान पर 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूरी कर चुके सचिवो को नियमित करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से हड़ताल कर रहे है। रविवार को उनकी हड़ताल का 9 वा दिन था उनकी हड़ताल का असर अब ग्रामीण अंचलो में देखने को मिल रहा है।

देवादा के बाबा घासीदास की जयंती में शामिल हुए किसान नेता योगेश तिवारी

बेमेतरा । बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवादा में सतनामी समाज द्वारा परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती मनाया गया। इस अवसर पर सामाजीक आयोजनों के पश्चात मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम कुटेलाधाम मस्तूरी वाले श्याम कुटेरिहा ÷सुर वर्षा ÷ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कृषक नेता योगेश तिवारी, गौकरण साहू, नरोत्तम बी.डी.ओ. श्रीमति द्रोपती साहू (सरपंच ग्राम देवादा), नोहर साहू (उप सरपंचदेवादा), टिकेंद्र (भू.पू.सरपंच देवादा), सत्यभामा परगहनिया, गिरधर लखण, चक्रधारी ताम्रकार, दीपक सोनवानी, विज्ञाचंद कुरे ईन्दर बन्जारे, जितेंद्र बंजारे, सुदन दिवाकर, मनहरण मधुकर, नविन ताम्रकार, मुकेश मधुकर, धर्मलाल डहरे, नान्हु राम, बाबुराम बंजारे, मधुकर भगवान दास, साघेलाल नामदास, गोवर्धन मान्डले, मेहतर जवाहरलाल सहित गाँव के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

77 हजार 454 किसानों से 478 करोड़ 50 लाख रुपए धान की खरीदी हुई

■ जिले में अब तक किए गए धान में से 6 लाख 10 हजार क्विंटल धान का उठाव

कवर्धा (नवप्रदेश)। वर्ष 2020 से कोविड 19- कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण लाकडाउन एवं अन्य कारणों से बारदाना तैयार नहीं होने के कारण कबीरधाम जिले में आवश्यक नए बारदाना प्राप्त नहीं होने से धान की व्यवस्था प्रभावित ना हो करके राईस मिलर और पीडीएस दुकानों में गत वर्षो के उपलबध शत प्रतिशत बारदाना का उपयोग अभी तक की धान खरीदी में किया गया है। वर्तमान बारदानों की कमी की देखते हुए धान खरीदी की व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा किसानों से उनके धान की खरीदी के लिए आवश्यक बारदानों के 50 प्रतिशत बरदाना शासकीय दर पर उपलब्ध कराने की अपील की गई थी, जिसके परिणाम भी अच्छे आए हैं और किसानों के द्वारा बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिले में समर्थन मूल्य पर शुरू हुई धान खरीदी से लेकर अब तक एक माह में 77 हजार 454 पंजी.त किसानो से कुल 25 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी राशि 478 करोड 50 लाख रूपए है। इस प्रकार 77 प्रतिशत पंजी.त किसानों के द्वारा पंजी.त धान के रकबे में से 65 प्रतिशत रकबा के विरुद्ध धान का विक्रय किया जा चुका है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि जिले के सभी पंजी.त किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। उन्होने किसानों से धान खरीदी के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों को ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्रों प्रतिदिन के धान क्षमता के आधार पर किसानों को टोकन जारी किया जा जा रहा है। धान खरीदी कार्य किसी भी प्रकार का प्रभावित नहीं होने दिए जाएंगे, इसके लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब तक जिस प्रकार धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से निरंतर जिला प्रशासन को सहयोग मिल रहा है, आज उसी का परिणाम है कि जिले में सुगम और शांति पूर्ण ढंग से धान खरीदी हो रही है।

धान खरीदी शुरू होने से लेकर अब तक

जिले में 2.5 एकड़ से 5 एकड़ तक की भूमि धारित करने वाले पंजी.त 24 हजार 8 सौ 78 किसानों में से 18 हजार 918 किसानों के द्वारा 9 लाख 22 हजार 888 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है जिसकी राशि 174 करोड रूपए है। इस प्रकार 78 प्रतिशत पंजी.त सीमांत लघु किसानों के द्वारा धान का विक्रय किया गया है। धान खरीदी शुरू होने से लेकर अब तक पिछले एक महिने में कुल पंजी.त एक लाख 711 किसानों में से 77 हजार 454 किसानों से कुल 25 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी राशि 478 करोड 50 लाख रूपए है। इस प्रकार 77 प्रतिशत पंजी.त किसानों के द्वारा पंजी.त धान के रकबे में से 65 प्रतिशत रकबा के विरुद्ध धान का विक्रय किया जा चुका है।

पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की मांगों का सरपंच संघ ने किया समर्थन

बोड़ला/(नवप्रदेश) । जिला सरपंच संघ ने विकासखंड मुख्यालय में आयोजित सचिव संघ एवं रोजगार सहायकों की मांगों का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार व शासन से इनकी मांग शीघ्र पूर्ण करने की बात कही है । ब्लॉक मुख्यालय के सामने सामुदायिक भवन के पास स्थित मंच में सचिवों एवं रोजगार सहायकों के अनिश्चितकालीन कलम बंद आंदोलन के सातवें दिन जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अमर वर्मा के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचकर पंचायत सचिवों को 2 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले सचिवों को शासकीय करण किए जाने की 1 सूत्री मांग को जायज ठहराते हुए सरकार द्वारा उनकी मांगों पर जल्द से जल्द विचार करने की बात कही है ।धरना स्थल पर पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अमर वर्मा ,ब्लॉक सचिव गोरे चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों की रीढ़ माने जाने वाले सचिव एवं रोजगार सहायकों के हड़ताल से पंचायतों के कामकाज बुरी तरीके से प्रभावित हो रहे हैं। सचिव एवं रोजगार सहायकों के हड़ताल से पंचायतों में जन कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जमीनी स्तर पर लागू करने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायतों में सचिवों एवं रोजगार सहायकों के हड़ताल के चलते अनेक शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है ,पंचायतों में निराश्रितों के पेंशन के अलावा अन्य जरूरी कामों के साथ-साथ रोजगार गारंटी के कामों में भी रुकावटें आ रही हैं ।अतः शासन द्वारा शीघ्रता शीघ्र इनके मांगों पर विचार करते हुए गतिरोध खत्म कर दिये जाने की बात कहते हुए मांगो पर सरकार द्वारा विचार किये जाने की बात कही।

पंचायतों के काम प्रभावित

पिछले 4 दिनों से ग्राम रोजगार सहायक अपने 3 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर बैठे हुए हैं वही सचिवों द्वारा भी 1 हते से भी ज्यादा समय से हड़ताल में जाने से विकासखंड के 123 पंचायतों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं ।सरपंचों ने बताया की सचिव एवं रोजगार सहायक के हड़ताल में चले जाने से शासकीय कार्य रुक से गए है। ग्राम पंचायत में निराश्रित पेंशन के अलावा मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ,प्रधानमंत्री का आवास ,निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के अलावा प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना ,गोबर खरीदी और पंचायत स्तर पर किए जाने वाले प्रत्येक काम में गतिरोध उत्पन्न हो रहा है । रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिवों की पूर्व से अपनी अपनी मांगे रही हैं ,दोनों रोजगार सहायक व सचिवों के हड़ताल में जाने से पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा सी गई है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

धान पर अब प्रदेश...

पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसानों के बीच जाकर यह बताएंगे कि धान खरीदी में आ रही समस्याएं केंद्र सरकार के रुख के कारण आ रही हैं, न कि राज्य सरकार के कारण। किसानों को बताया जाएगा कि केंद्र की ओर से बारदाना नहीं दिया जा रहा है। राजीव गांधी न्याय योजना को लेकर सवाल जवाब किए जा रहे हैं। इसके लिए जिला स्तर पर जिला पदाधिकारियों की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की जाएगी। बता दें कि केंद्रीय खाद्यमंत्री पीयूष गोयल ने बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फोन कर यह जानना चाहा था कि राज्य सरकार की ओर से धान खरीदी पर बोनस तो नहीं दिया जा रहा है।

वो सम्मान निधि दे ...

विकास का पैमाना पुरखों के सपनों पर ही आधारित :

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा जो छत्तीसगढ़ के विकास का पैमाना तय किया गया है, वो पुरखों व सियान लोगों के देखे सपनों पर ही आधारित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने को लेकर पुरखों ने सपना देखा था कि यहां के किसान, मजदूर व हर परिवार का जीवन खुशहाल होगा। हमारी सरकार शपथ ग्रहण के दिन से इस सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही है। शपथ लेते ही हमने किसानों का कर्ज माफ किया। फिर किसानों को धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया। किसान कर्जमुक्त हो गए। नतीजा ये हुआ कि मोटर साइकिल, सोना-चांदी व ट्रैक्टर के शो रूम पर भीड़ जुटने लग गई। सप्लायर सप्लाई नहीं कर सके।

वैक्सीन पर सियासी..

कि भारत के बने दो टीकों को डीसीजीआई की हरी झंडी मिल गई है। स्पष्ट रूप से वे राजनीतिक हाशिए पर हैं।'' अखिलेश ने बताया था भाजपा का टीका :

अखिलेश यादव ने शनिवार को कोरोना वैक्सीन को बीजेपी का टीका बताते हुए कहा था कि वह भारतीय जनता पार्टी का कोरोना टीका नहीं लगवाएंगे और उनकी सरकार आने पर सभी को निःशुल्क टीका लगेगा। हालांकि, इसके बाद उनपर बीजेपी नेताओं ने निशाना भी साधा था।

थरूर बोले- कोवैक्सीन हो सकती है खतरनाक

भारत बायोटेक की स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन को रविवार को डीसीजीआई की मंजूरी मिलने के बाद केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने इसे खतरनाक बताया था। उन्होंने ट्विटर पर कहा, ÷कोवैक्सीन का अभी तक तीसरे चरण का परीक्षण नहीं हुआ है। समय से पहले इसकी मंजूरी दी गई है, जो कि खतरनाक हो सकता है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से आग्रह किया कि जब तक ट्रायल पूरा न हो जाए तब तक कोवैक्सीन के इस्तेमाल से बचें।

बलि का बकरा ...

इस बात पर जोर दिया कि पीडीपी और गुपकर गठबंधन बनाने वाले मुख्यधारा के छह अन्य दलों ने केवल लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीकों से पूर्ववर्ती राज्य के विशेष दर्जे को बहाल कराने के लिए लड़ने का संकल्प लिया था लेकिन भारत सरकार हमें अब भी दबा रही है और असंतोष के स्वरों को अपराध की तरह दिखा रही है। पीडीपी नेता से जब पूछा गया कि क्या उन्हें वाकई उम्मीद है कि भारत में कोई भी सरकार संसद द्वारा पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किये जाने के फैसले को पलट देगी जिस फैसले का पूरे देश में व्यापक तौर पर स्वागत किया गया, तो उन्होंने कहा, कुछ भी पत्थर की लकीर नहीं होता।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील लवन, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2019-20
ग्राम सिरियाडीह प.ह.नं. 33

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामसिंग पिता चुन्नुलाल जाति केंवट निवासी ग्राम सिरियाडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. मरदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र में लेख किया जाता है कि पिता चुन्नीलाल का मृत्यु दिनांक 14/10/2020 को ग्राम सिरियाडीह में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्ट्रार में पंजीयन कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र स्टाम्प के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/01/2021 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/12/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा, मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील
कार्यपालिका दण्डाधिकारी
उप तहसील लवन
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ई-पंजी.202012082200093
/अ 20 (1) वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्र. 05, भूखंड क्र. 37, क्षेत्रफल 205.00 वर्गमीटर भूखण्ड नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1974-75 में पुसउ राम आ. जगतराम गोड़ साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूलधारक पुसउराम की मृत्यु दिनांक 26.01.2002 एवं चतुर सिंह आ. पुसउराम की मृत्यु दिनांक 23.06.2008 को हो चुकी है। उक्त भूखण्ड को आवेदिका शकुन बाई धुर्वे आ. चतुर सिंह साकिन कवर्धा द्वारा अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 23.08.2016 के आधार पर अपने नाम पर निर्धारण करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15.1.2021 नियत की गई है।

अतएव निर्धारण/नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 15.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 30.12.2020 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 30/12/2020
पेशी दिनांक 15/01/2021

सील
नजूल जांच अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202012210500006

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
अवरेठी प.ह.नं. 00010(वार्ड 01, शीट-8)(2404 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - गिरीश सेठी,
अनावेदक पक्षकार - भीषमचंद सेठी,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश सेठी पिता भीषणचंद सेठी निवासी टिकरापारा बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा स्थित भूमि शीट नंबर 08 प्लाट नं. 4/3 क्षेत्रफल 2404 वर्गफुट लगान 0.03 रु. को बिना प्रतिफल राशि के पंजीकृत दान पत्र विलेख दिनांक 25/09/2019 को आवेदक अपने पिता अनावेदक भीषणचंद सेठी पिता हरबंशलाल सेठी के प्राप्त होने से राजस्व अभिलेखों में नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन मय पंजीकृत दान-पत्र विलेख की छायाप्रति पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 08.01.2021 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08.01.2021 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 21/12/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
Mayank Agrawal
तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 6581/NIT-49/2020-2021/वलेलि — दिनांक 30/12/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 14/01/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत निम्नलिखित स्थानों में WMM एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य हेतु द्वितीय बार निविदा आमंत्रित की जाती है।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	2	3
49 T0436	नवागढ़ मुंगेली मार्ग (SH-7) कि.मी. 25/8 से 34/6= 9.00 कि.मी.	19.98 15000.00
49 T0437	चन्दखुरी मारो संबलपुर दाढ़ी उमरिया मार्ग के किमी 1 से 12=12.00 किमी	19.95 15000.00
49 T0438	चन्दखुरी मारो संबलपुर दाढ़ी उमरिया मार्ग किमी 13 से 20 =8.00 किमी	19.80 15000.00
49 T0439	चन्दखुरी मारो संबलपुर दाढ़ी उमरिया मार्ग के किमी 52/6 से 69/6 =17.00 किमी	19.17 15000.00
49 T0440	बालसमुंद चंदनू मेहना मार्ग 25/8 से 37/6=12.00 किमी में	19.94 15000.00
49 T0441	संबलपुर उपखण्ड के विभिन्न मार्गों में	19.77 15000.00
49 T0442	दाढ़ी उपखण्ड के विभिन्न मार्गों में	19.66 15000.00
49 T0443	छिरहा उपखण्ड के विभिन्न मार्गों में	19.94 15000.00
49 T0444	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पुल पुलिया मरम्मत का कार्य	19.82 15000.00
49 T0445	आर.सी.सी. डेन एवं सोल्डर का मरम्मत कार्य	19.88 15000.00
49 T0446	नवागढ़ उपखण्ड़ के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य	19.95 15000.00
49 T0447	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ का मरम्मत कार्य	19.44 15000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-86024/3
कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

■ न्यूज गैलरी

चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन बनाने की जमीन की मांग

खरोरा। चैम्बर ऑफकॉमर्स का भवन बनाने के लिए जमीन की मांग हेतु चैम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा, केशला के चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष संजय अग्रवाल, ,उपाध्यक्ष रिंकू अग्रवाल, सचिव संदीप छाबड़ा, सह कोषाध्यक्ष विजय केसरवानी विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, को आवेदन सौपा व चैम्बर ऑफकॉमर्स भवन बनाने के लिए जमीन की मांग की । वही व्यापरियों द्वारा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा को शहीद योगेंद्र शर्मा का पोट्रेट भी भेंट किया गया । वही विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने व्यापरियों की मांग को जल्द पूरा करने का वादा किया । वही अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स संजय अग्रवाल ने कहा कि व्यापरियों के मीटिंग या किसी प्रकार के बैठक के लिए अभी कोई जगह नही है अगर सरकार के तरफसे उन्हें जगह मिलती है तो सब व्यापारी मिलकर उसका निर्माण कर लेंगे । वही कार्यकारी अध्यक्ष विकाश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग की यह सराकर से पहली मांग है और उम्मीद है सरकार इसे पूरा करेगी । वही सूरज सोनी वरिष्ठ व्यापारी ने कहा कि उन्हें विधायक ,नगर पंचायत अध्यक्ष, नायब तहसीलदार, व मुंख्य नगर पालिका अधिकारी से पूरी उम्मीद है कि वह व्यापारी वर्ग की मांग को जरूर पूरा करेंगे ।

फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या की



खरोरा। वार्ड क्रमांक 04निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पुलिस लाश का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को मामले की जांच मे जुठी है। प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 04 के रहने वाले ईश्वरी सूर्यवंशी पिता विष्णु सूर्यवंशी की तबियत खराब होने और इलाज मे आराम नही होने के चलते परेशान था और दोपहर 2बजे घर के म्यार मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ,पुलिस घटना स्थल पहुंच लाश का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया ।

नगर पंचायत साजा में राम वनगमन पथ का एलईडी स्क्रीनिंग

साजा। छ.ग. शासन द्वारा भगवान राम द्वारा वनवास के दौरान रास्ते मे जो भी पथ है उसका विकास कर पथ बनाकर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है जिसके प्रचार -प्रसार रथ तैयार कर स्क्रष्ठ ह्यष्द्भद्गठ्ठ के माद्यम से दिखाने आज शनिवार को साजा पहुचें। जिसका नगर पंचायत अध्यक्षा शालिनी मनोज जायसवाल ने पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात स्क्रीनिंग 20 मिनिट तक अध्यक्ष के निवासगृह के पास चला एवं पुराना बाजार चौक के पास दिखाया गया। जिसमे विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, पार्षदगण राजेश ठाकुर, अवधेष गोयल, खेमेश्वरी साहू, नरेंद्र यादव, संतोष यादव, एल्डरमैन जितेंद्र जैन, रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरएल सुधाकर, उप अभियन्ता लोकेश शर्मा, भारत भूषण ठाकुर, ठुब्लू राम सिन्हा, नरेंद्र सिंह, केशव राम साहू तथा अन्य नगरवासी तोप सिंह, सुरेश वर्मा, भुनेश्वर, सहित स्क्रीन संचालक दीपेश दहकडे सहित अन्य नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

लोलेसरा में कबीर पंथ का संत समागम 15 एवं 16 जनवरी को

बेमेतरा। बेमेतरा के निकटवर्ती ग्राम लोलेसरा मे पंथ श्री उग्रनाम साहब स्मृति संत समागम मेले का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी 2021 को प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम मे संत महंत एवं श्रद्धालुओं का आगमन होगा। कार्यक्रम स्थल मे कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं साथ ही कोरोना महामारी के संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराने हेतु कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी ने एक आदेश जारी कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा को नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया है। नियंत्रण अधिकारी उक्त दिवस को कण्ट्रोल रुम स्थाापित कराते हुए 24 घण्टे अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए तथा पुलिस विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

इंस्पायर अवार्ड के लिए डीपीएस के ऋषिराज झारिया और अविजित कटियार का चयन

भाटापारा। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र ऋषिराज झारिया तथा कक्षा आठवीं के छात्र अविजित कटियार को राष्ट्र स्तरीय इंस्पायर अवॉर्ड्स के लिए चुना गया है, उनके चयन होने पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। इस अवार्ड के लिए 2020-21 हेतु विकासखंड भाटापारा के विभिन्न शालाओं से कुल 27 मॉडल का चयन हुआ है,जिनमें से उपरोक्त दोनों विद्यार्थी दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से हैं। ज्ञात हो कि 'इनोवेशन इन साइंस पर्पस फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च योजना' भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इंस्पायर अवॉर्ड्स(एम ए एन ए के) मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशंस एंड नॉलेज(डी एस टी)द्वारा नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन- इंडिया(एन आई एफ) के साथ मिलकर(डीएसटी) की स्वायत्त संस्था है,जिसका उद्देश्य 10-15 साल की उम्र के छात्र/छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना तथा विज्ञान और सामाजिक अनुप्रयोगों में निहित एक मिलियन मूल विचारों/नवाचारों को लक्षित करना है,जो स्कूली बच्चों के बीच रचनात्मक और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देता है। इस नव वर्ष पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश ने छात्र-छात्राओं,अभिभावकों को नूतन वर्ष 2021 की अनंत एवं अशेष शुभकामनाएँ भी दीं।

हम हैं महामाया में नंबर वन..!

रतनपुर का विष्णुभोग, सियाराम व एचएमटी में लवन पलारी का दबदबा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। रतनपुर और सीपत का विष्णुभोग हाथों-हाथ लिया जाता है। लवन और पलारी को एचएमटी व सियाराम के लिए जाना जाता है जबकि सरना और महामाया में हमारा दबदबा पूरी मजबूती के साथ कायम है। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यह स्थिति तब देखी गई जब विष्णुभोग को 3500 रुपए क्विंटल पर नीलाम होता देखा गया। एचएमटी और सियाराम में भी तेजी का रुख बना रहा।

5 जिले के किसानों का भरोसा जीतने वाली कृषि उपज मंडी अच्छी क्वालिटी और अच्छी कीमत देने वाली मंडी के रूप में पहचान बना चुकी है। धान की मोटा और बारीक किस्म, दोनों को हमेशा से वाजिब कीमत देने वाली इस मंडी में अब अंबिकापुर जिले का भी नाम दर्ज हो चुका है। सुदूर वनांचल के इस जिले से भी अब विष्णुभोग की नई फसल की आवक होने लगी है। मोटा धान में सरकारी खरीदी के बाद आवक कमजोर है लेकिन बारीक धान की तीनों उपलब्ध किस्मों में अब तेजी का आना देखा जा रहा है।

इसलिए रतनपुर-सीपत का विष्णु भोग

बिलासपुर जिले का रतनपुर याने महामाया की नगरी। सीपत याने प्रदेश का सबसे बड़ा बिजली घर। इन दोनों की उर्वर धरती में उपजने वाला विष्णुभोग अपनी बेहतरीन गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। चावल की चमक और स्वाद के दम पर पहचान बना चुका है सीपत की खेतिहर जमीनो से मिलने वाला विष्णुभोग। सबसे जरूरी गुण ब्रोकन परसेंटेज का कम होना भी अच्छी कीमत देने के लिए सहारा बनता आ रहा है।

एचएमटी और सियाराम में ये आगे

सियाराम और एचएमटी की फसल अपने जिले के सभी ब्लॉक में ली जाती है। उत्पादन भी बेहतर मिलता रहा है। चावल बाजार के लगभग 60 फीसदी हिस्से पर कब्जा जमा चुकी चावल की ये दोनों किस्मे लगभग हर घर में दिखाई देती है लेकिन पलारी और लवन ब्लॉक से आने वाली इन दोनों प्रजातियां के धान की क्वालिटी इतनी ज्यादा बेहतर है कि ये दोनों ब्लॉक अब सियाराम और एचएमटी धान के लिए कृषि उपज मंडी में अपनी पहचान अलग बना पाने में सफल हो चुके हैं।

इन दोनों में हम अव्वल

सरना और महामाया धान उत्पादन में भाटापारा ब्लॉक अव्वल नंबर पर है। जोरदार उत्पादन देने वाली इन दोनों प्रजातियों के दम पर जिले की लगभग 130 पोहा मिलें महाराष्ट्र, गुजरात में अपनी पहचान बना चुकी है। विदेशों को निर्यात होने वाला पोहा के लिए जरूरी महामाया धान को अच्छी कीमत मिलती रही है तो सरना चावल के लिए यह ब्लॉक भरपूर मात्रा में सरना धान की उपलब्धता सुनिश्चित कराता है। यह बात अलग है कि सरना के स्थिर भाव किसानों को हताश कर रहे हैं पर प्रति एकड़ उत्पादन से नुकसान की भरपाई की जा रही है।

ऐसा रहा सप्ताह का अंतिम दिन

सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार की आवक संतोषजनक रही। इसके बीच धान विष्णु भोग 3500 से 3600 रुपए क्विंटल, सियाराम 2100 से 2300 रुपए क्विंटल और एचएमटी 1900 से 2000 रुपए क्विंटल पर नीलाम हुआ। सरना में भाव हमेशा की तरह 1300 रुपए पर खुला और 1400 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। धान महामाया में पोहा मिलों की खरीदी 1600 से 1750 रुपए क्विंटल की रही। कुल मिलाकर सप्ताह के अंतिम दिन कारोबार की स्थिति संतोषजनक रही।

पंचायत सचिव व रोजगार सहायक संघ डटे हैं हड़ताल पर

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर साजा ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव नौवें दिन रविवार को भी पुराना बाजार चौक दुर्गा मंच में धरना प्रदर्शन पर डटे हुए हैं। विदित हो कि ग्राम पंचायत सचिव 2 वर्ष परिवीक्षा अवधी समाप्ति पंचायत शासकीय करण किए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर शासन के समस्त विभागों के कार्यों को शत प्रतिशत क्रियान्वयन की जिम्मेदारी पंचायत सचिव की होती है, मांग जायज है अतः शासन को गंभीरतापूर्वक विचार कर मांग को पूर्ण किया जाना चाहिए। सचिवों की हड़ताल से रोजगार गारंटी योजना, ग्राम पंचायत विकास योजना, समस्त मूलभूत कार्य जैसे ग्राम में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, जन्म मृत्यु, समस्त पंचायत के कार्य पूरी तरह से प्रभावित हैं। सचिवों के हड़ताल से ग्रामीणों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही हैं। सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी का क्रियान्वयन पूरी तरह से बंद हैं, जिससे सरकार अपना ड्रीम प्रोजेक्ट मानती हैं। ब्लॉक एवं जिलाध्यक्ष पंकज सिंह राजपूत के नेतृत्व में संघ के सचिव महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नमिता लहरी, नील कमल साहू, राम किशन साहू, गुनी राम साहू, हिंसा राम साहू, सूरज प्रसाद तिवारीी, रामकुमार साहू, तिलक राम साहू, द्वारका प्रसाद साहू, रामनारायण पटेल, विजय निर्मलकर, कोमल वर्मा, राजेश, सुखदास मल्होत्रा एवं ब्लॉक संयोजक टीकम चंद वर्मा सहित समस्त सचिव संघ साजा आज रविवार होते हुए भी हड़ताल पर डटे रहें। वहीं साथ में अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर ग्राम रोजगार सहायक संघ भी अपने दो मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

चोरी के 5 नग मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

भाटापारा। चोरी का मोबाईल के लिए ग्राहक ढूंढ रहा एक युवक शहर पुलिस के हत्थे चढ़ गया,पुलिस ने उसके कब्जे से विभिन्न कम्पनी के 5 नग मोबाईल जब्त कर उसको रिमांड पर जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस डॉ जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कात्यानी मंदिर नयागंज वार्ड के पास आरोपी *विजेन्द्र कुमार ऊर्फ मोनू जैन पिता रूपचंद जैन उम्रा 34 साल निवासी नयागंज वार्ड कात्यानी मंदिर के पास 04-05 मोबाइल स्क्रीन टच रखकर बिक्री करने के फिराक में ग्राहक ढूंढ रहा है उक्त सूचना मिलते ही पुलिस ने वहा पहुँचकर आरोपी को कात्यानी मंदिर पास मोबाईल बिक्री के लिए ग्राहक ढुढते मिला जिसे अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर शराब दुकान के पास पूर्व मे चोरी करना बताकर 05 नग मोबाईल जिसमे माइक्रोमैक्स, इन्टेल, हानर, समसंग जे2, लावा कम्पनी का मोबाईल किमती 26000 रू को जेब से निकाल कर पेश करने पर उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफधारा 41 (1 + 4) जा.फौ. / 379 भादवि के तहत कार्यवाही मे सउनि ओम साहू , आरक्षक भारत भुषण पठारी का विशेष योगदान रहा ।

बेमेतरा जिले के लिए 108 किलो लीटर मिट्टी तेल का आवंटन

बेमेतरा । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के उचित मूल्य की दुकानों एवं हॉकरों द्वारा जनवरी माह में उपभोक्ताओं को वितरण के लिए केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है। जनवरी 2021 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रचलित सभी प्राथमिकता, अंत्योदय एवं अन्नपूर्णा राशनकार्डों को केरोसिन की पात्रता होगी। खाद्य विभाग द्वारा माह जनवरी 2021 के लिए जारी की गई कुल केरोसिन में से बेमेतरा 108 किलो लीटर केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है।

भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़। पंचशील बौद्ध महासभा समिति इंदिरा नगर द्वारा 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस के 203 वर्ष पूर्ण होने पर इसे भव्य रूप से प्रज्ञागिरि पर्वत पर मनाने के लिए निर्णय के अनुसार 1 जनवरी को दोपहर 1 बजें प्रज्ञागिरि पर्वत पर भदंत कुमार कश्यप के सानिध्य एवं संस्था के पदाधिकारियों एवं शहर के बौद्ध उपासक-उपासिकाओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस मनाया गया। पूज्य भदंत कुमार कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं कई वर्षो से सोच रहा था कि हमारे समाज के लोगो द्वारा इस कार्यक्रम को मनाया जाना चाहिए, जो आज मेरी वह ईच्छा पूर्ण हुई, जिसें पंचशील बौद्ध महासभा समिति अध्यक्ष डॉ. मनोज गजभिये एवं पदाधिकारियों ने निर्णय लेकर समाज को नई जानकारी देने का सफल प्रयास किया गया जिससे आज सारे समाज में जागृति फैली और आगामी वर्ष में इस कार्यक्रम को डोंगरगढ़ के सभी बौद्ध उपासक-उपासिकाएं मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनायेंगे। उन्होने कहा कि समाज के लोगो को समाज को जगाने का कार्य करना चाहिए। इस कार्य के लिए डॉ. गजभिये हमेशा याद किये जायेंगे।

सुरेन्द्र शर्मा का शुशील ने किया स्वागत

भाटापारा। छ ग कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा का नगर आगमन होने पर प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशिल शर्मा के निवास मंगलम में स्वागत कर गणेश भगवान की हाथों से बनाई छाया चित्र भेंट किया गया,,,,इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पूर्व जिला महामंत्री संतोष सोनी,जिला महामंत्री अशोक तिवाड़ी,जिला सचिव सचिन शर्मा, राजकुमार मल आदि उपस्तिथ थे,,,

जरहा गांव में रामेश्वर ने क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

भाटापारा। नगर के समीप ग्राम जरहा गांव में ग्रामीणों द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन जनपद सदस्य डॉ रामेश्वर वर्मा ने किया।इस दौरान उन्होंने आयोजन कर्ताओ को भी इस आयोजन के लिए बधाई दी। ग्रामीण अंचलो में सबसे ज्यादा खेले जाने वाला सबसे प्रिय खेल क्रिकेट प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर डॉ रामेश्वर वर्मा ने कहा की इस खेल ने आज गॉव गांव में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।पूर्व में जहाँ हमारे बुजुर्ग साथी कबड्डी खेलो में ज्यादा रूचि रखते थे वही आज के युवा क्रिकेट में ज्यादा दिलचस्पी रखते है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी भी है।श्री वर्मा ने कहा की हर खिलाडी में नैसर्गिक प्रतिभा होती है और हर अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों के टैलेंट को प्राकृतिक रूप से उभरने और विकसित होने दें ताकि बच्चों का मनोबल बना रहे क्योंकि खेलकूद से युवाओं का शरीर ही नहीं मस्तिक भी स्वस्थ रहता है। स्वस्थ्य युवा ही देश की धरोहर होता है। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता हैं। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उक्त कार्यक्रम में सरपंच मीना वर्मा,उपसरपंच जया वर्मा,ग्राम पटेल जीवन वर्मा,महेंद्र वर्मा,मोहित वर्मा नकछेद वर्मा सहित जरहा गॉव व् आसपास गांव के ग्राम वासी क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

अदाणी फाउंडेशन ने स्वावलंबन योजना के अंतर्गत जरूरतमंद दिव्यांगों के बीच बांटे सहायक उपकरण

खरोरा। अदाणी फाउंडेशन रायखेड़ा की ओर से स्वावलंबन योजना के अंतर्गत क्षेत्रभर के चिन्हित निशक्तजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कानों की मशीन व अन्य उपकरण वितरित किए गए। समारोह के दौरान मुख्य अथिति श्रीमती सुमन नायक, अध्यक्ष, जनपद पंचायत, तिल्डा, श्री देवव्रत नायक व श्री ठाकुर राम वर्मा जी ने निशक्तों को ट्राईमोटरसाइकिल, व्हील चेयर, कानों की मशीन, कैलीपर और अन्य सहायक उपकरण प्रदान कर सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से 79 लोगों को लाभान्वित हुए। इसके लिए फाउंडेशन द्वारा प्रमाणीकरण शिविर लगाकर जरूरतमंद निशक्तों का चिन्हांकन किया गया, जिसके पश्चात उन्हें उपयुक्त उपकरण दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से आस पास के सभी गावों के सरपंचों को आमंत्रित किया गया तथा अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अथिति के रूप उपस्थित श्री ठाकुर राम वर्मा ने अदाणी फाउंडेशन को भविष्य में भी जन मानस के कल्याण हेतु शुभकामनाएं दी तथा स्वावलंबन योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेसित किया। जबकि श्री देवव्रत नायक ने लाभार्थियों के मुख पर मुस्कान देखकर खुशी जाहिर की। वहीं जनपद सदस्य श्री चंद्रकांत साहू ने इस कार्यक्रम के प्रति आभार जताते हुए अदाणी फाउंडेशन को इस तरह की गतिविधियां करते रहने की सलाह दी।

भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत बांधे व जिलाध्यक्ष बने देवादास

नवप्रदेश संवाददाता

नवागढ़। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय ने कार्यकारणी की सूची जारी की, जिसमें नवागढ़ विधानसभा के नेताओं को भी प्राथमिकता दी गई है। अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहे दयावंत धर बांधे को इस बार प्रदेश महामंत्री तो वही पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके साथ साथ पूर्व भाजपा जिला मंत्री मधु रॉय एवं तोपसिंग टण्डन को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नियुक्ति की सूची जारी होते ही नवागढ़ क्षेत्र के कार्यर्ताओं में खुशी की लहर उमड़ पड़ी, सभी ने आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

घोषणा के पश्चात दयावन्त धर बांधे ने अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, जिलाध्यक्ष बेमेतरा ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष व मुंगेली संगठन सह प्रभारी राजेन्द्र शर्मा एवं भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेन्द्र वर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इन सभी के आशीर्वाद से उन्हें संगठन ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वे पूरी लगन के साथ प्रदेश अध्यक्ष मार्कण्डेय के नेतृत्व में अधिक से अधिक अनुसूचित जाति के लोगो को संगठित कर पार्टी की रीति नीति उनतक पहुचाने के लिए काम करेंगे।

नवनियुक्त अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने मोर्चा के अध्यक्ष को नियुक्ति एवं जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री को विश्वास जताने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने दायित्व दिया है उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। जिला में अनुसूचित जाति मोर्चा को मजबूत करने के लिए पूरी तरह जुट जाएंगे। मधु रॉय ने कहा कि पार्टी की दी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा कर साथ निभाने के लिए वह प्रतिबद्ध है।

घोषणा पर नवागढ़ विधानसभा से जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी,जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह,मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू,महामंत्री मिन्टू बिसेन,महामंत्री सुरेश साहू,पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,जिला पंचायत सदस्य बिंदिया मिरे,शरद जोशी,भाजयुमो जिला महामंत्री बबलू राजपूत,सुभाष सोनी,गिरेन्द्र महिलांग,होरिलाल सिन्हा,महावीर ध्रुव, दीपक तिवारी, महावीर साहू, त्रिलोक साहू, प्रदीप शुक्ला, लक्ष्मी वर्मा, कृष्णा ठाकुर, दुर्गा सोनी, राजेश दुबे, कुंज बिहारी, कृपाशंकर त्रिपाठी, रितेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, रोहित साहू, दिलीप नवरंग, राजेंद्र मिश्रा, युवराज ठाकुर, चैन साहू, उमेश ध्रुव, रामसागर साहू, मनमोहन बघेल, धनिराम निर्मलकर, टीकम पूरी गोस्वामी,गोलू सिन्हा, रुम्पल टुटेजा, रमेश निषाद,मनीष श्रीवास, तनु दीवान, सुदेश हरि सहित भाजपाइयों ने हर्ष जताया।

मुख्यमंत्री ने बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र के किसानों से की चर्चा

व्यवस्थाओं का लिया जायजा, भेलवाटिकरा के किसान केदार पटेल ने धान बेचकर खरीदी थ्रेसर मशीन



- बरलिया के किसान अखंड लाल साव धान के साथ गोबर बेचकर कर रहे हैं कमाई
- बंगुरसिया समिति में 270 किसानों से 11 हजार 132 क्विंटल धान खरीदी
- किसानों को 1.73 करोड़ से ज्यादा राशि का ऑनलाइन भुगतान

नवप्रदेश संवाददाता

रायगढ़। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर किसानों से चर्चा की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र से संबद्ध भेलवाटिकरा, बरलिया, रेगड़ा आदि गांवों के किसानों से चर्चा कर उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने किसानों से खेती-बाड़ी, धान फसल का रकबा, धान बेचने की मात्रा एवं भुगतान, बारदाना आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया, विधायक श्री प्रकाश नायक, विधायक श्री चक्रधर सिंह सिदार एवं विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े उपस्थित थे।

भेलवाटिकरा गांव के किसान श्री केदार पटेल ने बताया कि वे 20 एकड़ में खेती करते है, अभी तक 200 क्विंटल धान बेचा है उन्हें 3 लाख 73 हजार रुपये का भुगतान हो चुका है। उन्होंने धान बेचकर थ्रेसर मशीन खरीदा है। केदार के भाई श्री जय पटेल भी 20 एकड़ में खेती करते है उन्होंने 160 क्विंटल धान बेचा है और 2 लाख 98 हजार रुपये का भुगतान प्राप्त कर लिया है। बरलिया गांव के किसान श्री अखंड लाल साव 25 एकड़ में खेती करते है उन्होंने भी 160 क्विंटल धान बेचकर 2 लाख 98 हजार रुपये का भुगतान प्राप्त कर लिया है। किसान श्री अखंड लाल ने बताया कि वे गोधन न्याय योजना के तहत 60 क्विंटल गोबर बेचकर 12 हजार रुपये का भुगतान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना के बारे में जानकारी होने पर दो गाय और एक जोड़ी बैल खरीदकर गोबर इकट्ठा कर रहे है। मुख्यमंत्री ने रेगड़ा गांव के किसान श्री कुबेर डनसेना एवं रवि यादव से भी चर्चा की।

बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र में 18 गांवों के 480 किसान धान बेचने के लिये पंजीकृत है। इनमें से 270 किसानों ने इस वर्ष एक दिसम्बर से अब तक 11 हजार 132 क्विंटल धान की बिक्री कर चुके है। किसानों को एक करोड़ 73 लाख एक हजार 761 रुपये का ऑनलाईन भुगतान किया गया है। पिछले साल 2019-20 में इस केन्द्र में 18 हजार 238 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। पिछले साल की तुलना में आज की तारीख में धान खरीदी में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केन्द्र में बारदानों की कमी नहीं है। आज की तारीख में 13 हजार 117 नग बारदानें उपलब्ध है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने 1.43 करोड़ के नरवा विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

नालों के दोनों किनारे फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश

रायगढ़, 3 जनवरी 2021/ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान आज जुनवानी ग्राम से होकर गुजरने वाले चक्रधरपुर नाले में लगभग 1.43 करोड़ के नरवा विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने नाले का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाले के दोनों किनारों पर फलदार वृक्ष लगाये जाये। जिससे वन्य प्राणियों और ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिल सके। नरवा विकास योजना के अंतर्गत वन विभाग द्वारा कैम्पा मद से इस नाले पर संरक्षण कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि ढेंगुर नाला और रानीदरहा नाला मिलकर चक्रधरपुर नाले के रूप में आगे बढ़ती है और रायगढ़ में केलो नदी में समाहित हो जाती है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 11 हजार हेक्टेयर रकबा क्षेत्र का पानी समेट कर 35 किलोमीटर लम्बी यात्रा करती है। नाले के इर्द-गिर्द 9 गांव बसे हैं। लगभग डेढ़ हजार की आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलने वाला है। नाले पर पानी रोकने हेतु विभिन्न संरचना निर्माण से पानी अब ठहरने लगा है। लोग बाग अब नाले के किनारे अपने खेतों पर साग-सब्जी की खेती करने लगे हैं। डीएफओ श्री प्रणय मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2019-20 में 8 नालों पर नरवा विकास के कार्य किये गए हैं। चक्रधरपुर नाले सहित 8 नालों पर कैम्पा मद से 3.2 करोड़ रुपये के कार्य किये गए हैं। उन्होंने बताया कि चक्रधरपुर नाले में 208 लूज बोल्डर, 69 ब्रशवुड, 49 गेबियन और 3 स्टॉप डेम बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि यह जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र है। नाले पर पानी ठहरने से हाथियों को पर्याप्त पानी मिलेगा और पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र में हाथियों के विचरण पर लगाम लगेगी।

...जब मुख्यमंत्री बघेल ने अतिथियों के लिए आये जलपान को बच्चों के बीच बांट दिया

- बच्चियों की आंख का इलाज कराने कलेक्टर को निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायगढ़। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की बच्चों के प्रति स्नेह का एक मिसाल उस समय देखने को मिला जब वे अतिथियों के लिए आये जलपान को बच्चों के बीच बांट दिए। दरअसल मुख्यमंत्री रायगढ़ से 17 किलोमीटर दूर जुनवानी में नरवा विकास कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के आगमन की आहट पाकर बच्चों का काफिला उनसे मिलने के लिए दौड़ पड़ा। पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से दूर उन्हें थाम लिया। मुख्यमंत्री की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने आवाज देकर बच्चों को अपने पास बुला लिया। उनसे स्नेहपूर्वक करीब 10 मिनट तक चर्चा की। अतिथियों के लिए पहुंचे लजीज नाश्ते को बच्चों के बीच अपने हाथों से बांट दिए। इस पूरी घटना से आल्हादित बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ खुलकर बातचीत की। उन्होंने अपनी पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद और खाई-खजाना के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान जब अंजली मालाकार और रीतांजली उरांव के आंखों की समस्या के बारे में पता लगा तो इन दोनों बच्चियों के इलाज कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, विधायक श्री चक्रधर सिंह सिदार, विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया, विधायक श्री प्रकाश नायक, विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े भी उपस्थित थी।

न्यूज गैलरी

भाजपा प्रदेश संगठन ने इस बार विभिन्न प्रमुख पदों पर दंतेवाड़ा के कार्यकर्ताओं को दी नियुक्ति

किरंदुल । भाजपा प्रदेश संगठन ने पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए किरंदुल निवासी शेख नजमुल हक को अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष का यह पद सौंपा है. इतना ही नहीं प्रदेश के भाजपा संगठन ने राज्य के विभिन्न प्रमुख पदों पर दंतेवाड़ा के जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी दी है. भाजपा जिला कार्यालय मे पार्टी जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने नवनियुक्त प्रदेश और जिला पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए सभी को बधाई दी. सम्मान समारोह के बाद नव नियुक्त अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष नजमुल हक ने प्रदेश महामंत्री अनु.जनजाति नंदलाल मुड़ामी, ओजस्वी भीमा मंडावी एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रशंसक तथा भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता विशाल रैली की शक्ल में माँईजी के दर्शन करने मंदिर पहुंचे. जहां मां दंतेश्वरी के समक्ष माथा टेक कुशल नेतृत्व का आशीर्वाद मांगा।

किरंदुल स्थित आर्सेलार मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया कंपनी के सौजन्य से आदिवासी महासभा को जरूरत की सामाग्री का हुआ वितरण

किरंदुल । लौह नगरी किरंदुल स्थित आर्सेलार मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी की सौजन्य से दंतेवाड़ा जिला आदिवासी महासभा कमेटी को जरूरत की सामाग्रियों में बर्तन और तम्बू की सामाग्री वितरण किया । आदिवासी महासभा के सदस्यों ने ए.एम.एन.एस इंडिया कंपनी के सभी विभागीय अधिकारियों को सामग्री प्रदान करने धन्यवाद दिया । इस अवसर आदिवासी महासभा के सदस्य सुदरू कुंजाम ए.एम.एन. एस कंपनी से डॉ तेज प्रकाश महाप्रबंधक सीएसआर विभाग, ए.एम.एन.एस, ष्ठ सतीश उपमहाप्रबंधक ए एम एन एस लिमिटेड मौजूद थे।

एकीकृत वार्षिक विवरणी भरे जाने के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी को

मुंगेली। राज्य शासन के श्रम विभाग के निदेशानुसार वार्षिक विवरणी भरे जाने के संबंध में 5 जनवरी को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर सभा कक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और चेम्बर्स ऑफ कामर्स के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यशाला में श्रम अधिनियमों के अंतर्गत कारखानों, स्थापना के द्वारा एकीकृत वार्षिक विवरणी अपलोड करने, ईएसआईसी, पंजीयन, अभिदाय पंजीयन कार्य को सहज एवं सरल के संबंध में जानकारी दी जाएगी। मुंगेली जिले के श्रम पदाधिकारी ने कारखाना और स्थापना संचालक को प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क

- कलेक्टर द्वारा लिया जा रहा है विभिन्न स्थानों का जायजा

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। मुख्यमंत्री की संभावित आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन और अधिक सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री से बघेल की संभावित आगमन को देखते हुए कलेक्टर पी.एस एल्मा द्वारा विभिन्न स्थानों का औंचक निरीक्षण किया जा रहा है और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी कडी मे आज कलेक्टर श्री एल्मा ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम, ग्राम संबलपुर स्थित गोठान, ग्राम बंधवा स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय, ग्राम कोदवा और लालपुर का दौरा किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और एक-एक बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री एल्मा ने जिले के ग्राम संबलपुर स्थित गोठान का बारिकी से निरीक्षण किया और वहां पशुधन के संरक्षण एवं संर्वधन के लिए निर्मित जल पात्र (कोटना), शेड निर्माण, फेसिंग, चारागाह, चारे की व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होने गोठान में महिला स्व. सहायता समूह द्वारा दो रूपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी, भुगतान, वर्मी कम्पोस्ट खाद, खाद बनाने की विधि, वर्मी कम्पोस्ट खाद की विक्रय आदि व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद थे।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

पत्थलगांव। आज हस्द्ध के प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेत्रित्व में जिलाध्यक्ष अभिषेख सिंह के द्वारा जिले में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर प्रेम कुमार यादव को कुनकुरी विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मोहम्मद शाहिद आलम को जिला सचिव एवं कार्यालय का कार्यभार सौंपा गया है। कर्तव्य सिंह को विधानसभा अध्यक्ष जशपुर का कार्यभार सौंपा गया। इसके साथ ही आशु यादव को जिला सचिव बनाया गया वहीं नदीम खान को ब्लॉक अध्यक्ष, दानिश खान को जिला महासचिव और सचिन बंग को जिला सचिव का पदभार सौंपा गया है। NSUI के जिलाध्यक्ष का कहना है संगठन के कार्य पूर्ण करने के साथ साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है ताकि आने वाले चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार भारी बहुमत से छतीसगढ़ में बनायेंगे ।

कोरोना संक्रमण के खतरे के बाद भी पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, वनभोज के साथ लोगों ने नववर्ष का धूमधाम से किया स्वागत

नवप्रदेश संवादाता

पत्थलगांव। कोरोना संक्रमण के खतरे के बाद भी लोगों ने नववर्ष का स्वागत धूमधाम से किया। शहर से लगे पिकनिक स्पॉटों में भारी संख्या में लोगों की भीड़ वनभोज के लिए जुटी दिखाई दी ।लोग पिकनिक स्पॉट में पूरे परिवार के साथ पहुंच रहे थे । कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा गाइड लाइन तो जारी करी गयी परन्तु नववर्ष के आगमन के उत्साह में गाइड लाइन का पालन होता कही नजर नही आया।

शहर से कुछ दूरी पर स्थित तमता के समीप बनभौरी मंदिर, सीतापुर के समीप मंगरेलगढ़ जैसे पिकनिक स्पॉटों में सुबह से शाम तक मेले जैसा माहौल रहा। सैकड़ों की संख्या में लोग बाजे गाजे के साथ नए वर्ष का स्वागत किया।

मेक मॉडल एप्रूवल के वाहनों का डीलर पॉइंट रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

मुंगेली। परिवहन आयुक्त कार्यालय के द्वारा जारी मॉडल एफ्रूव्हल पंजीयन अनुमोदन के बगैर वाहन डीलर्स द्वारा प्रस्तुत नवनिर्मित मेक-मॉडल वाहनों के पंजीयन की कार्यवाही नहीं किए जाने के संबंध में परिवहन विभाग ने कड़ा निर्देश जारी किया है। अपर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर बिना मेक मॉडल एफ्रूव्हल के वाहनों का डीलर पॉइंट रजिस्ट्रेशन द्वारा पंजीयन चिन्ह जारी करते पाये जाने पर संबंधित डीलरों का ट्रेड प्रमाण पत्र निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 184 (क) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन वाहनों के विक्रय से पूर्व वाहन के प्रत्येक मेक एवं मॉडल के लिए परिवहन आयुक्त से विक्रय की अनुमति प्राप्त किया जाना प्रावधानित है ।

जिला राजपत्रित अधिकारी संघ का कैलेंडर विमोचित

मुंगेली। नववर्ष के अवसर पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष आज जिला राजपत्रित अधिकारी संघ कलेण्डर का विमोचन किया गया। कलेण्डर का विमोचन वरिष्ठ डिप्टी कलेक्टर श्री आर.के.तंबोली ने डिप्टी कलेक्टर सुश्री रजनी भगत और परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम की उपस्थिति में किया। जिला स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि जिला राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा अपने वार्षिक कलेण्डर में सामान्य अवकाश, ऐच्छिक अवकाश और स्थानीय अवकाश सहित अन्य जानकारियों को समाहित किया गया है। जो अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों के लिए उपयोगी और सार्थक होगी। इस अवसर पर जिलास्तरीय अधिकारियों ने जिला राजपत्रित संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। राजपत्रित अधिकारी संघ कलेण्डर का विमोचन अवसर पर जिला साक्षरता मिशन के जिला परियोजना अधिकारी एवं संघ के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. आई पी. यादव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एवं संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री एम एस कुशरे, कृषि विभाग के उपसंचालक एवं संघ के उपाध्यक्ष श्री डी.के. ब्योहार, जिला कोषालय अधिकारी एवं संघ के महासचिव डॉ. रूपेश पाठक, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा संघ के सचिव श्री राजेन्द्र कश्यप, संघ के प्रवक्ता श्री महादेव यादव, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संघ में जिला शाखा मुंगेली के कोषाध्यक्ष श्रीमति विमित्रा घृतलहरे उपस्थित थी।

क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मनोहरपुर में

मुंगेली। ग्राम मनोहरपुर में 3 जनवरी से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां महामाया क्रिकेट समिति के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रथम इनाम 11 हजार 111 रूपए और दूसरा इनाम 5 हजार 555 रूपए रखा गया है। जिसमें सभी टीम भाग ले सकता है। एंट्री फीस मात्र 270 रुपए रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत मनोहरपुर के उपसरपंच भवानी लाल साहू ने दी।

अब लोहा डोंगरी एवं महादेव तालाब क्षेत्र में हरियाली लाने हो रही है सार्थक पहल

- विधायक और कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रेस क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। 'मनवा बीजापुर'' के अंतर्गत बीजापुर नगर को विकसित करने सहित सुंदर बनाने की दिशा में ''पहल'' अभियान के तहत अब नगरवासी लोहा डोंगरी और महादेव तालाब क्षेत्र में हरियाली लाने के लिए सकरात्मक भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में 3 जनवरी को लोहा डोंगरी के नीचे पार्क हिस्से में विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण श्री विक्रम शाह मंडावी, कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया। वहीं क्षेत्र के गोंड समाज, महार समाज, सतनामी समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, मारवाड़ी समाज, क्षत्रीय समाज एवं मरार समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधरोपण कर देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर के महादेव तालाब क्षेत्र में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन, शालेय शिक्षाकर्मी संघ, पटवारी संघ तथा वाहन चालक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधरोपण कर महादेव तालाब क्षेत्र को विकसित करने सहित सौंदर्यीकरण के लिए सहभागिता निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर उक्त दोनों क्षेत्र में आम, कटहल, नींबू, आंवला सहित अन्य प्रजाति के पौधे रौपित किये गये।

कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में संविदा भर्ती प्रक्रिया में हुआ गोलमाल!

अभ्यर्थी ने की कलेक्टर से जांच व कार्रवाई की मांग, आरटीआई से मिली जानकारी से आया सच सामने

- **सूचना पटल में ना चस्पा ना ही मेरिट लिस्ट जारी की गई**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद में वर्ष 2020 मे हुए सहायक ग्रेड-1और ग्रेड-2 के संविदा भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। अभ्यर्थियों ने मेरिट में गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से दखल देने की गुजारिश की है। आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार मेरिट लिस्ट सार्वजनिक किए बिना गुपचुप ढंग से भर्ती की गई है। आरोप है कि हेरफेर करने की नीयत से ही मेरिट सूची छिपाई गई है। भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेजों में गोलमाल किया गया है सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत् मिली जानकारी को जब खंगाला गया तो देखा गया कि स्कोर कार्ड में प्राप्त अंकों में छेड़छाड़ पाये गए है। जिसके चलते उक्त संविदा भर्ती प्राप्त अंक अनुसार जिस अभ्यर्थी की भर्ती होनी चाहिए थी वह वंचित हो गए। विभाग के अधिकारी के मनमानी के चलते अभ्यर्थियों को दिए गए परीक्षा के स्कोरकार्ड के परिणाम में पूरी तरह से छेड़छाड़ किया गया है। सबसे बड़ी देखने

वाली बात या वजह यह सामने आती है कि विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर रहने के बावजूद भी स्कोरकार्ड पेन से बनाया गया है। जिसे चयन समिति एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ईश्वर सिंह द्वारा सत्यापित किया गया है।

जवाब से उठते सवाल

इस विषय में जब कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी ईश्वर सिंह से चर्चा की गई तो उनका कथन कुछ गोल मटोल तरीके से बताया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि आप जो जानकारी नहीं मांगे थे हमने वह जानकारी भी आपको दी है। इतनी मेहरबानी आवेदक के ऊपर किए जाने का कारण समझ से परे था। दूसरी अहम बात यह है कि जब उनको यह कहा गया कि आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी में विभागीय काफी त्रुटियां छेड़खानी देखी गई हैं सर जी इस पर आप क्या कहना चाहेंगे। तो उन्होंने यह कहा कि 7 तारीख को आप आ करके मुलाकात कर लीजिए क्योंकि अभी मै खाली नहीं हूं। बेरोजगारी को देखते हुए जहां एक ओर छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल सरकार द्वारा बेरोजगारों को प्राथमिकता के साथ रोजगार देने की योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर विभागों में बैठने वाले अधिकारी अपनी ओर से अपने तरह से कलम चला कर मनमानी कर रहे हैं। आरटीआई के प्राप्त सत्यापित दस्तावेजों के अनुसार जांच की मांग रखते हुए आवेदक द्वारा उच्च स्तर पर कार्रवाई की मांग की जाने की बात कही गई है।

...तो बदल सकती थी नियुक्ति

विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा यदि गंभीरता पूर्वक प्राप्तांक की कुल योग्यता को और दो अलग वजह को जांच कर देखी जाती तो स्कोरकार्ड के अनुसार जो नियुक्ति वर्तमान में की गई है वह बदल भी सकती थी, किंतु विभाग के अधिकारी द्वारा मनमानी ढंग से स्कोर कार्ड में अपनी व्यवस्था का व्यंज रचते हुए उसे जांच करना मुनासिब न समझा गया, जिसके चलते त्रुटियां भली-भांति देखी जा सकती है। उक्त संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र के जनसूचना अधिकारी ईश्वर सिंह के समक्ष जब सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया तो जानकारी में उन्होंने अपनी ओर से जिन बिंदुओं पर जानकारी चाहिए थी उससे हटकर जानकारी प्रदान किया है। जो चाही गई बिंदु से विपरीत है और नगद भुगतान लेकर जानकारी गलत तरीके से अन्य प्रतियों में दे दिया गया है।

आज सौंपा जा सकता है ज्ञापन

सोमवार को गरियाबंद कलेक्टर को जांच व कार्यवाही की मांग करते हुए कृषि मंत्री से भी कार्यवाही की मांग को लेकर गरियाबंद के नवयुवक मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने की बात कही गई है।

आरटीआई पर मिले चौंका देने वाले दो अलग-अलग जवाब

- **एक पत्र में लिखा गया कि जांच समिति की कार्यवाही कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रक्रियाधीन है**
- **तो वहीं दूसरे पत्र में प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा लिखा जाता है, कि आप को जानकारी उपलब्ध करा दी गई है इसलिए अपील खारिज किया जाता है**

जीवन एस साहू

गरियाबंद। जिला शिक्षा विभाग द्वारा आरटीआई अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए जानकारी छुपाने के मकसद से इस तरह के पत्राचार किए गए हैं, कि अपने ही द्वारा भेजे गए पत्रों में साहब अब खुद ही उलझ गए हैं। इस मामले का पूरा विवरण यह है कि आवेदक द्वारा दिनांक 14/09/2020 को जनसूचना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर कुछ जानकारी चाही गई थी। समय सीमा पर जनसूचना अधिकारी द्वारा जानकारी ना देकर दिनांक 23/10/2020 को पत्र प्रेषित कर लेख किया गया कि उक्त जानकारी

की कार्यवाही कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रक्रियाधीन है। इसलिए कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात ही आपके द्वारा चाही गई जानकारी प्रदाय किया जाना संभव है। जिसके बाद आवेदक द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी संभागीय संयुक्त संचालक,शिक्षा संभाग रायपुर के समक्ष प्रथम अपील प्रस्तुत किया गया।

अपीलीय अधिकारी द्वारा जनसूचना अधिकारी को संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 03/12/2020 को रायपुर पेंशन बाड़ा स्थित कार्यालय में उपस्थित होने को पत्र प्रेषित किया गया, जिसकी एक प्रतिलिपि आवेदक को भी भेजी गई।

आवेदक दिनांक 03/12/2020 को किसी कारणों से प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष उपस्थित ना हो सका। लेकिन जनसूचना अधिकारी द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि युवराज ध्रुव प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए।

जिसके बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा आदेश पत्र क्रमांक 1353/ दिनांक 04/12/2020 को आवेदक के पास पत्र प्रेषित किया गया जिसमें लिखा गया है कि जनसूचना अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी) गरियाबंद के प्रतिनिधि युवराज ध्रुव द्वारा बताया गया कि अपीलार्थी को जानकारी पत्र क्रमांक 1968/ जिला शिक्षा अधिकारी/ आरटीआई/ 2020 दिनांक 23/10/ 2020 को उपलब्ध करा दी गई है। चूंकि अपीलार्थी को जनसूचना अधिकारी द्वारा जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। अतः अपीलार्थी की अपील को खारिज किया जाता है। जबकि आवेदक आज दिवस तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

पत्र प्राप्त होते ही आवेदक द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी से फोन के माध्यम से चर्चा किया गया। प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनसूचना अधिकारी के प्रतिनिधि युवराज ध्रुव द्वारा बताए अनुसार ही आप को पत्र भेजा गया है। प्रथम अपीलीय अधिकारी से आवेदक द्वारा पूछा गया कि क्या चाही गई जानकारी की (फाइल) की एक प्रति प्रतिनिधि द्वारा आपके समक्ष प्रस्तुत की गई है? प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा किसी प्रकार से कोई जवाब साफ सुथरा नहीं दिया गया।

प्रतिनिधि बोला- साहब ने ऐसा ही कहने को बोला था

जनसूचना अधिकारी द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि युवराज ध्रुव से मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया गया। युवराज ध्रुव से पूछा गया की आपके द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदक को जानकारी प्रदाय कर दी गई है की बात कही गई है। मुझ आवेदक को आप लोगों के द्वारा कब और कितने प्रतियों की जानकारी प्रदान की गई है,युवराज ध्रुव द्वारा बताया गया कि मुझे ऐसा कहने के लिए हमारे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया था, इसलिए मैंने जाकर प्रथम अपीलीय अधिकारी के सामने ऐसा कह दिया।

न अधिकारी न ठेकेदार, मजदूरों के भरोसे गुणवत्ताहीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। राज्य सरकार अधिकांश काम को रोककर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन सड़क सहित अन्य जरूरत कि निर्माण कार्य स्वीकृति दे रही है। ताकि लंबे समय तक ग्रामीणों को इसका फायदा मिले लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ऐसे कार्य मापदंड अनुसार नहीं हो पाता और कुछ दिन नहीं इस तरह के कार्य खंडहर में तब्दील होती है।कुछ इस तरह मापदंडों को दरकिनार कर नांगलदेही में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण किया जा रहा है। जहां ना जिम्मेदार अधिकारी मौजूद होते हैं। और ना ठेकेदार सिर्फ और सिर्फ

मुंशी और मजदूरों के भरोसी ही काम कराया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस स्तर से निर्माण हो रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम नांगल देहि में 25 लाख 7 हजार की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन स्वीकृत किया गया जिसे रायपुर के ठेकेदार आकाश कुमार अग्रवाल द्वारा टेंडर लिया गया। और इसके लिए निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी लिमिटेड को बनाकर काम भी तेजी से शुरू कर दिया। मगर जिम्मेदारों की गैरमौजूदगी का ठेकेदार के कर्मचारी द्वारा जमकर फायदा उठा रहे हैं। क्योंकि उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण में ना सही मात्रा में सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है। और ना ईट जोड़ाई ठीक-ठाक किया है। इसके अलावा पानी की तराई भी नहीं हो पाती। 15 दिन के भीतर कभी कभार पानी की तराई बमुश्किल किया जाता है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की मजबूती पर भी सवाल खड़ा होता है। ग्रामीणों के मुताबिक कार्यस्थल पर कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं होता इसलिए गुणवत्ता पूर्वक काम किए जाने को लेकर शिकायत नहीं हो पाती जबकि मटेरियल कांटामारी करने के साथ पानी की तराई में भी उदासीनता बरती जाती है। जिससे ठेकेदार के कर्मचारी को भी अवगत कराया गया। लेकिन किसी प्रकार ध्यान नहीं दिया जिससे नाराज ग्रामीण एवं पंचायत प्रमुख अब सीधा विभागीय मंत्री से शिकायत कर जांच एवं कार्यवाही की मांग के लिए ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

> मटेरियल में कांटा मारी करने के अलावा पानी की तराई मैं भी लापरवाही बरती गई है जिसे लेकर विभागीय मंत्री के समक्ष शिकायत किया जाएगा
>
> **छबीलाल नागेश,** सरपंच ग्राम पंचादरलीपारा

बारदाना संकट के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार : तुकाराम चंद्रवंशी

- **जिपं सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने सोसायटी पहुँच कर धान खरीदी का जायजा लिया**
- **बाले-खेती से मोहभंग कर किसानों की जमीन अडानी- अम्बानी को देने की साज़िश कर रही है भाजपा सरकार**

कवर्धा। जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस प्रदेश सहसचिव तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले धान खरीदी केंद्र पहुंचकर किसानों से मुलाकात कर धान खरीद का जायजा लिया जहां किसानों ने धान खरीदी के लिए सरकार का आभार जताया बारदाना की कमी होने की बात कही

इस पर तुकाराम ने छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी सुचारू रूप से न हो पाए इसलिए केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार सहित किसानों को परेशान करने से बाज नहीं आ रहे है।

छत्तीसगढ़ में बारदाना का संकट पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा सोंची समझी रची षणयंत्र है।

जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश सहसचिव तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा केंद्र सरकार आवश्यकता अनुसार बारदाना नही दे रहे है छत्तीसगढ़ में 3 लाख बंडल की आवश्यकता है मगर 1.5 लाख बंडल बारदाना ही भेजा गया है जो कि मांग का 30 प्रतिशत ही है बारदाने का मांग के अनुरूप कम भेजना केंद्र सरकार की साज़िश है।

एफसी आई में छत्तीसगढ़ का सेंटर पुल का चांवल जमा नही करने देने की अनुमति न देना भी एक बड़ा षणयंत्र है ,एक तरफ बारदाना कम भेजना और दूसरी तरफ एफसी आई में चांवल जमा न करना दोनो ही किसान विरोधी निर्णय है मोदी सरकार का। तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा धान खरीदी में जानबूझ व्यवधान पैदा करना और दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का उस पर राजनीति रोटी सेंक रहे है।

जबकि हकीकत यह है कि केंद्र सरकार का यह निर्णय पूरी तरह से किसान विरोधी है ,छत्तीसगढ़ में 15 साल तक रमन सिंह ने केवल किसानों के साथ छलपूर्वक राजनीति किया झूठ बोला 2003 में सभी आदिवासी परिवार को जर्सी गाय,2008 में 270 बोनस तथा 2013 में 2100 समर्थन मूल्य व 300 ? बोनस इस बार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। आज वही रमन सिंह और भाजपा के नेता किसानों के लिए घड़ियाली आँसूँ बहा रहे है दिल्ली में किसान अपने अधिकार के लिए आंदोलनरत है मगर उनकी मांगों पर से मुंह फेर रही है मोदी सरकार।

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

कवर्धा (नवप्रदेश)। कर्मचारी भवन कवर्धा में छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक राकेश साहू प्रांत अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें प्रांत से आए हुए महामंत्री प्रकाश शुक्ला उपाध्यक्ष गणेश यदु एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ के प्रांत अध्यक्ष पदमा साहू एवं अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत के चुनाव सदस्यता अभियान संगठन को मजबूत करने एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने प्रांतीय स्तर एवं जिला स्तर में प्रयास करने के संबंध में चर्चा किया गया माह अप्रैल में प्रांत का चुनाव तय किया गया है जिसमें जनवरी माह में नया सदस्य बनने के लिए सभी संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया इस संबंध में दिलीप चंद्रवंशी जिलाध्यक्ष के द्वारा संबोधन किया गया जिसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के द्वारा विशेष प्रयास से करारोपण अधिकारियों का 70 कर्मचारियों का समयमान वेतनमान दिलआया गया।

दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

कवर्धा (नवप्रदेश)। मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम बम्हनी खार आम बगीचा व ग्राम झिरौनी कोसमंदा मार्ग पानी टंकी के पास आम जगह पर कुछ व्यक्ति अंकों पर रुपए पैसों का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है की मौके पर जाकर रेड कारवाही किया ग्राम बम्हनी खार आम बगीचा के पास आम जगह पर आरोपी अजय कौशिक पिता गोविंद कौशिक उम्र 23 वर्ष निवासी बम्हनी एवं ग्राम झिरौनी कोसमंदा मार्ग पानी टंकी के पास आम जगह पर हनुमान दास बैरागी पिता रूपेश दास बैरागी उम्र 26 वर्ष निवासी झिरौनी को मौके पर अंकों में रुपए पैसों का हार जीत का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते पकड़े गए।